रोहतक
शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 265
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 34.3
न्यून. 14.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,211.88 | 344.52 ▼ |
| निफ्टी | 25,795.15 | 96.25 ▼ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,25,600/- | 2300/- ▼ |
| चांदी | 1,52,600/- | 4100/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.78 | 10 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 65.92 बैरल 0.11% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




## खबर संक्षेप

### टोल प्लाजा पर 'पास' की जानकारी होगी प्रदर्शित




**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शुक्रवार को कहा कि मासिक और वार्षिक 'टोल पास' के बारे में राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को जानकारी देने के लिए टोल प्लाजा पर सूचना प्रदर्शित की जाएगी। एनएचएआई ने इसे लेकर निर्देश जारी किए हैं। *एजेंसी*

### अब जेमिनी करेगा बाढ़ सूखे की भविष्यवाणी



**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज गूगल ने अपने प्रसिद्ध प्लेटफॉर्म गूगल अर्थ को अब और भी स्मार्ट बना दिया है। कंपनी ने इसमें अपने नवीनतम जेमिनी एआई मॉडल्स को शामिल किया है, जो अब दुनिया भर में बाढ़, सूखा व प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति को समझने में मदद करेगा। *एजेंसी*

### 'स्त्री 2' के कंपोजर सचिन सांघवी हुए गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सिंगर और संगीतकार सचिन सांघवी गिरफ्तार हो गए हैं। एक महिला को म्यूजिक एल्बम में मौका देने और शादी का वादा करके उसका यौन उत्पीड़न करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सांघवी को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। *एजेंसी*

### मोहसिन नकवी ने एसीसी मुख्यालय से भी हटाई ट्रॉफी



**नई दिल्ली।** एशिया कप के ट्रॉफी चोर मोहसिन नकवी ने एक और गिरी हरकत की है। पहले तो 28 सितंबर को विजेता टीम इंडिया को ट्रॉफी सौंपने के बजाए होटल रूम लेते गए। बाद में उसे एशियन क्रिकेट काउंसिल के दुबई स्थित मुख्यालय में लॉक करके रख दिया। अब उन्होंने ट्रॉफी को एसीसी मुख्यालय से भी हटाकर अबू धाबी में किसी जगह रखवा दिया है। *एजेंसी*

---

**हरियाणा बनेगा वाटर स्मार्ट स्टेट,** शीतकालीन विस सत्र में आ सकता है बिल

**पानी की बर्बादी रोकने बिल न भरने वालों पर होगी सख्ती**

# पानी व्यर्थ बहाया तो होगी सजा, जुर्माना भी लगेगा

लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त और निर्बाध जलापूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिनियम का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। इसे विधानसभा में पारित किया जाएगा।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त और निर्बाध जलापूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीने के पानी की बर्बादी रोकने, लीकेज की समस्या दूर करने और जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार एक नया अधिनियम लाने पर गंभीरता से कार्य कर रही है। रणबीर गंगवा स्थानीय रेड बिशप, पंचकूला में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और नागरिकों तक निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि अधिनियम का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है, जिसके बाद अब इसे विधानसभा में पारित किया जाएगा। मंत्री ने आमजन से अपील की कि वे जल संरक्षण में सरकार का सहयोग करें और पानी को व्यर्थ न बहने दें।



### चिह्नित हो रहे जलभराव वाले क्षेत्र

जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि उनके विभाग के अंदर आने वाली जलभराव वाली जगहों को चिह्नित किया गया है। जल्द ही उन स्थानों पर विभाग की टीमें सुधार करते हुए नजर आएंगी। गंगवा ने बताया कि नई कॉलोनियों को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए हैं कि 30 साल आगे की प्लानिंग के साथ सीवरेज लाइन दबाई जाएं तथा पेयजल सप्लाई का इंतजाम भी उसी तरीके से किया जाए।

- अभियांत्रिकी विभाग की कार्यशाला में किया मंथन
- शहरों की तर्ज पर गांवों में मिलेंगी सभी सुविधाएं
- अवैध कनेक्शन लेने वालों पर की जाएगी कार्रवाई
- लोगों से जल संरक्षण में सहयोग की अपील

### प्रदेश के 124 गांव चिह्नित

एसटीपी संबंधित सवाल पर गंगवा ने कहा कि 10 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांव को इससे जोड़ा जा रहा है। प्रदेश में ऐसे 124 गांव चिह्नित किए गए हैं। जिनमें से 17 गांव में काम पूरा हो चुका है और 30 गांव में अभी काम चल रहा है। महाग्राम योजना के तहत इन गांवों में सीवरेज लाइन दबाने और एसटीपी बनाने की दिशा में काम आगे बढ़ रहा है। गांवों में भी शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### आईआईटी रूड़की के इंजीनियर से सीखा पाठ

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों में सुधार के लिए चर्चा की गई है। जिसमें प्रदेश भर से 22 जेई, 22 एसडीओ, 14 एक्सईएन शामिल हुए हैं। जिन्हें आईआईटी रूड़की के इंजीनियर ने जलभराव से बचने के तरीकों पर समझाया। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति की वेस्टेज रोकने के तौर-तरीकों पर भी मीटिंग में चर्चा हुई। प्रत्येक अधिकारी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहेगा तो समस्या का समाधान तुरंत हो सकेगा।

---

**17वां रोजगार मेला : 51,000 को बांटे नियुक्ति पत्र**

# सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही : मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है और सरकारी नौकरी पाने से वंचित उम्मीदवारों को निजी क्षेत्र के संभावित नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए रास्ते बनाए गए हैं। सत्रहवें रोजगार मेले में मोदी का पहले से रिकार्ड किया गया एक संदेश चलाया गया जिसमें उन्होंने कहा कि यहां तक कि देश की विदेश नीति भी युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। देश भर में आयोजित रोजगार मेलों में 51,000 से अधिक उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपे गए। मोदी ने कहा कि देशभर में रोजगार मेलों के जरिए अब तक 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

### आपकी सफलता व्यक्तिगत नहीं रहेगी



आत्मविश्वास और इसके साथ जब देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा जुड़ेगा तो तो आपकी ये सफलता केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं रहेगी। आपकी सफलता देश की सफलता बन जाएगी। आप जानते हैं हमारे लिए नागरिक देवो भव ये मंत्र है। पिछले 11 सालों से देश विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। इस पर सबसे बड़ी भूमिका हमारे युवाओं की है। आप सभी की है। इसीलिए युवाओं का सशक्तिकरण भाजपा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता है।

### 25 नवंबर को हरियाणा आएंगे प्रधानमंत्री

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को हरियाणा आएंगे। वे गुरु तेग बहादुर सिंह जी के 350वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले 17 अक्टूबर को प्रधानमंत्री को सोनीपत में आना था, लेकिन आईपीएस वाई पूरन कुमार और एएसआई संदीप लाठर के सुसाइड के बाद मचे बवाल के बाद ये दौरा रद्द कर दिया गया था। हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने बिहार दौरे के दौरान पटना में केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात में भी पीएम के हरियाणा आने का जिक्र किया था।

---

**बाइक टकराकर बस के फ्यूल टैंक में फंसी,** इससे आग लगी, 40 यात्री थे सवार

# आंध्र प्रदेश में चलती बस में आग, 20 जिंदा जले

**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में चिन्नाटेकुर के पास एक प्राइवेट बस में आग लग गई। हादसे में 20 यात्री जिंदा जल गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा 25 है। कुर्नूल कलेक्टर के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह लगभग 3:30 बजे हुई। अब तक 11 शवों की पहचान हो गई है, 9 के बारे में पता नहीं चल पाया है। बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी। एनएच-44 पर बाइक में टक्कर हुई। बाइक बस के नीचे घुस गई और फ्यूल टैंक से टकरा गई। इससे बस में तुरंत आग लग गई।

### 19 ने कूदकर बचाई जान



हादसे में बाइक सवार शिवशंकर की भी मौत हो गई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। इनमें से कई जल गए। 19 ने कूदकर जान बचाई। इमरजेंसी गेट तोड़कर निकले लोग बुरी तरह झुलस गए थे, इन्हें कुर्नूल सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### आग लगी, शॉर्ट सर्किट हुआ और दरवाजा नहीं खुला

कुर्नूल रेंज के डीआईजी कोया प्रवीण ने बताया कि बस में सवार 2 बच्चों समेत 21 यात्री बाल-बाल बच गए। ज्यादातर लोग 25 से 35 साल के थे। हादसे के वक्त यात्री सो रहे थे, जिससे उन्हें बचने का मौका नहीं मिला। आग लगने के बाद बस में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे बस का दरवाजा भी जाम हो गया।

---

**स्कॉर्पियो से आए हत्यारे, रेलिंग से टकराई तो बाइक छीनकर फरार**

# सोनीपत में दिनदहाड़े पिता-पुत्र की हत्या बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** कोर्ट में पेशी पर जा रहे पिता-पुत्र की शुक्रवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गईं। हमलावर दो थे, जो स्कॉर्पियो से आए थे और बाइक सवार पिता-पुत्र पर करीब 10 से 15 राउंड फायरिंग की। दोनों ने बचने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने मौत होने तक उन पर गोलियां बरसाईं। इसके बाद हमलावर भागने लगे तो उनकी स्कॉर्पियो रेलिंग से टकरा गई। इस पर हमलावरों ने अपनी स्कॉर्पियो को वहीं छोड़ दिया और एक युवक की बाइक छीनकर उससे फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। मृतकों की पहचान धर्मवीर (50) और उसके बेटे मोहित (25) के रूप में हुई है, जो खरखौदा के पास स्थित गांव गोपालपुर के निवासी थे।





### पुरानी रंजिश की आशंका

मोहित पर 5 साल पहले हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें वह जेल भी गया था। पुलिस उसी पुरानी रंजिश की आशंका जता रही है। फिलहाल पुलिस हमलावरों की तलाश में इलाके के सीसीटीवी खंगाल रही है। पांच टीमें गठित की गई हैं। स्कोर्पियो को भी कब्जे में ले लिया गया है।

### स्कॉर्पियो जब्त मालिक से पूछताछ

डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान ने बताया कि मृतक के दादा बुधराम की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर लिया गया है और उसके मालिक से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में मिले सुरागों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई और जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

**मारपीट से आहत होकर दी जान**

## पेड़ पर लटका मिला 16 वर्षीय किशोर का शव

**गन्नौर (हरिभूमि न्यूज)।** दातौली गांव में साथियों द्वारा मारपीट से दुखी होकर 16 वर्षीय किशोर ने घर के पास ही पेड़ पर फांसी लगा ली। मृतक के पिता ने कुछ युवकों पर उसके बेटे को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गांव दातौली निवासी सुभाष गिरी ने बताया कि उसका बेटा उत्तम गिरी यमुना नदी के किनारे गया हुआ था। वहां कुछ युवक बैलों से रेत भर रहे थे। इसी दौरान उत्तम ने मजाक में कह दिया कि तुम्हारे बैल में दम नहीं है, रेत लेकर चढ़ाई नहीं कर पाता। इस बात पर लड़के भड़क गए और कहासुनी के बाद उसके बेटे से मारपीट कर दी।



- मजाक करने पर भड़के युवकों ने पीटा

---

**प्रदेश सरकार का ऐलान**

## कर्मियों का डीए 2 फीसदी बढ़ा, 6 लाख को फायदा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सरकार ने राज्य के कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) की दरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। महंगाई भत्ता एवं राहत की दर 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत कर दी गई है, जो 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी होगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया है। बढ़ी हुई दरों के अनुसार महंगाई भत्ते/राहत का भुगतान अक्टूबर, 2025 के वेतन और पेंशन के साथ किया जाएगा, जबकि जुलाई से सितंबर, 2025 तक का एरियर नवंबर माह में दिया जाएगा। डीए बढ़ने से 3 लाख कर्मचारी और 3 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा।

- पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में बढ़ोतरी
- 55% से बढ़कर 58 फीसदी महंगाई भत्ता

---

**दिल्ली-भोपाल से पकड़े**

## आईएसआईएस के दो आतंकवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट्स ऑफ इराक एंड सीरिया) से जुड़े एक आतंकी को भोपाल के करोंद से गिरफ्तार किया है। वहीं, दिल्ली के सादिक नगर से भी एक आतंकी दबोचा गया है। दोनों मिलकर दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाकों में से एक मॉल व एक पार्क में आईईडी ब्लास्ट करने की साजिश कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आतंकियों का नाम अदनान है। इन्हें फिदायीन हमले की ट्रेनिंग दी जा रही थी। आतंकियों के पास से संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। फिलहाल, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम दोनों से पूछताछ कर रही है।



- दिल्ली के एक मॉल और पार्क में बम धमाके की थी बड़ी साजिश

---

**एडगुरु के नाम से मशहूर पीयूष पांडे (70) का निधन**

# 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' से दो बूंद जिंदगी की तक...उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विज्ञापन जगत के दिग्गज और एडगुरु के नाम से मशहूर पीयूष पांडे का शुक्रवार को निधन हो गया। फेविकोल, कैडबरी और एशियन पेंट्स जैसे चर्चित विज्ञापनों को डिजाइन करने वाले पांडे 70 वर्ष के थे। पांडे ने ही 90 के दशक में मशहूर गीत मिले सुर मेरा तुम्हारा लिखा था। पीयूष पांडे संक्रमण से पीड़ित थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में हुआ। पीयूष पांडे लगभग चार दशकों से विज्ञापन उद्योग में कार्यरत थे। वे ओगिल्वी के विश्वव्यापी मुख्य रचनात्मक



अधिकारी और भारत में कार्यकारी अध्यक्ष थे। पांडे 1982 में ओगिल्वी से जुड़े और उन्होंने अपना पहला विज्ञापन सनलाइट डिटर्जेंट के लिए लिखा। छह साल बाद, वे कंपनी के क्रिएटिव विभाग में शामिल हो गए और फेविकोल, कैडबरी, एशियन पेंट्स, लूना मोपेड, फॉर्च्यून ऑयल और कई अन्य ब्रांडों के लिए उल्लेखनीय विज्ञापन बनाए।

### वे अपनी रचनात्मकता के लिए जाने जाएंगे : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा- पीयूष पांडे अपनी रचनात्मकता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने विज्ञापन और संचार जगत में अभूतपूर्व योगदान दिया। मैं वर्षों तक हमारे बीच हुई बातचीत को हमेशा संजो कर रखूंगा। उनके निधन से दुखी हूं। एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय विज्ञापन जगत के एक दिग्गज थे पीयूष पांडे, उन्होंने रोजमर्रा के मुहावरों, हास्य और वास्तविक गर्मजोशी को इसमें लाकर संचार को बदल दिया।

---

**सेवा भी, सुरक्षा भी : हरियाणा पुलिस के व्यवहार में दिखेगा बड़ा बदलाव**

# अब पुलिस बोलेगी सॉरी, प्लीज, थैंक्यू, छवि होगी बेहतर, जनता का पुलिस के प्रति बढ़ेगा भरोसा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा पुलिस अब सॉरी, प्लीज और थैंक्यू जैसे शब्दों का इस्तेमाल करेगी। पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को हुई रिव्यू मीटिंग में डीजीपी ओपी सिंह ने पुलिस कमिश्नर, एसपी और एसएचओ को निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि इन शब्दों के इस्तेमाल से पुलिस की छवि बेहतर होगी और जनता का पुलिस के प्रति भरोसा भी बढ़ेगा। सभी अधिकारी नियमित फील्ड में जाएं और पुलिसकर्मियों से बात कर उनका मनोबल बढ़ाएं।



### पुलिस को काम करने वाला बनना होगा

डीजीपी ने कहा है कि हरियाणा पुलिस का काम करने का तरीका पूरी तरह से बदला जाएगा। पुलिस को अब पहले से ज्यादा सक्रिय, समस्याएं सुलझाने वाली और लोगों के फायदे के लिए काम करने वाली बनना होगा। साथ ही, पुलिसकर्मियों के रहने और काम करने की जगहों को भी बेहतर बनाया जाएगा।

### दो हफ्ते में सभी थानों और चौकियों को करें ठीक

डीजीपी ने हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को कहा है कि वे दो हफ्ते में सभी थानों और चौकियों को ठीक करें। रसोई, शौचालय, बिजली की वायरिंग और सुरक्षा का ध्यान रखें। हर थाना साफ, सुरक्षित और अच्छा दिखना चाहिए। इसके लिए इंजीनियरों को थानों का दौरा करके रिपोर्ट देने को कहा गया है।

- सभी अधिकारी नियमित फील्ड में जाएं और पुलिसकर्मियों से बात कर उनका मनोबल बढ़ाएं।
- हरियाणा पुलिस को हमेशा तैयार और काम करने के लिए ठीक रखना उनका मुख्य लक्ष्य।
- ड्यूटी के दौरान गलती होना आम बात है, लेकिन अनुशासन तोड़ना या गुंडागर्दी करना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
- पुलिस को सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना होगा। अफवाहों पर शुरुआत से ही ध्यान रखा जाए।
- सभी थानों और चौकियों को मिलकर काम करना होगा।

## खबर संक्षेप

### रणबीर गंगवा ने दी एडीजीपी को श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा वरिष्ठ आईएएस अमनीत पी. कुमार के निवास पर पहुंचे। उन्होंने अमनीत पी. कुमार के पति स्वर्गीय आईपीएस वाई पूरन कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री रणबीर गंगवा ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में सरकार एवं प्रशासन उनके साथ है।

### नूंह में हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**नूंह।** सीआईए तावडू की टीम ने पुनहाना खंड के नई गांव के हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तकरीबन 50 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। जिसकी मार्केट वैल्यू लगभग 7 - 8 लाख रुपए बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस मामले में एक अन्य संदिग्ध आरोपी की भी तलाश कर रही है।

### 'चरण सुहावे' यात्रा दिल्ली से पटना साहिब तक आध्यात्मिक सेतु

# 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' फरीदाबाद पहुंची, मुख्यमंत्री सैनी ने शीश नवाया, बोले- गुरु गोबिंद सिंह महाराज त्याग, वीरता और न्याय के प्रतीक

■ मुख्यमंत्री ने यात्रा के साथ चल रहे पंज प्यारों व केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पटका ओढ़ाकर सम्मान किया



**फरीदाबाद।** हरियाणा की पावन धरती ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनी, जब 'सरबंसदानी' दशम पातशाह गुरु गोबिंद सिंह और माता साहिब कौर के 'पवित्र जोड़ा साहिब' की 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' का फरीदाबाद में भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धा, भक्ति और एकता का यह अनुपम संगम शहर के प्रत्येक कोने में दिखाई दिया। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिकरत की। मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के एनआईटी-5 स्थित श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा में चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा का स्वागत किया। नायब सिंह सैनी ने यात्रा के साथ चल रहे केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी का हरियाणा आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा में साध- संगत और यात्रा की अगवानी करने वाले पंज प्यारों का भी पटका ओढ़ाकर सम्मान किया।

### गुरु चरणों की धूल से शहर पावन हुआ : सीएम

मुख्यमंत्री ने यात्रा की रवानगी से पहले गुरुद्वारा में मत्था टेका और अरदास सुनी। इसके उपरांत उन्होंने पवित्र जोड़ा साहिब के भी दर्शन किए। इससे पहले हरियाणा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार रविंदर सिंह राणा, श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा के प्रधान सरदार इंदर जीत सिंह व सिख समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि दिल्ली से आरंभ होकर बिहार स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब तक जाने वाली इस महान यात्रा का पहला विश्राम स्थल फरीदाबाद रहा। दिल्ली का प्रवेश द्वार कहे जाने वाला यह शहर आज गुरु चरणों की धूल से पावन हो उठा है।

### सवा लाख से एक लड़ाऊं, तबै गोबिंद सिंह नाम कहाऊं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब यह पवित्र जोड़ा साहिब यहां पहुंचा है तो दशमेश पिता का सम्पूर्ण तेज, त्याग और बलिदान हमारे बीच साकार हो उठा है। उन्होंने धर्म, राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जने मुगल अत्याचार के विरुद्ध बलिदान दिया। उन्होंने अन्याय से लड़ने के लिए एक साधारण मनुष्य को खालसा बनाया, एक ऐसी शक्ति बनाया जिसका संकल्प धर्म की रक्षा और निर्बलों की सहायता करना था। यह जोड़ा साहिब हमें उनकी उस महान प्रतिज्ञा की याद दिलाता है कि सवा लाख से एक लड़ाऊँ, तबै गोबिंद सिंह नाम कहाऊँ। यह प्रतिज्ञा केवल युद्ध की नहीं थी, बल्कि आत्म-सम्मान, साहस और न्याय की थी।



### माता साहिब कौर करुणा और शक्ति की प्रतिमूर्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में माता साहिब कौर जी का भी पवित्र जोड़ा साहिब शामिल है। माता साहिब कौर जी को खालसा पंथ की मां होने का गौरव प्राप्त है। जब गुरु जी ने खालसा पंथ की स्थापना की, तो उन्होंने माता साहिब कौर जी से 'अमृत' में पताशे डलवाए, ताकि खालसा के अनुयायियों में वीरता के साथ-साथ मिठास और करुणा भी बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह 'चरण सुहावे' यात्रा दिल्ली, जो भारत की राजधानी है, और पटना साहिब, जो गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मभूमि है, के बीच एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सेतु का निर्माण कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार, गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके बलिदान को चिरस्थायी बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

---

### हरियाणा सरकार और एसवीसीएल में आत्मनिर्भर स्टार्टअप वेंचर फंड के लिए समझौता

# 100 करोड़ से स्टार्टअप को मिलेगी नई उड़ान

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) के बीच शुक्रवार क आत्मनिर्भर स्टार्टअप वेंचर फंड के लिए 100 करोड़ की पूंजी प्रतिबद्धता योगदान समझौते (सीए) पर हस्ताक्षर किए गए। यह फंड सेबी-पंजीकृत श्रेणी–I वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) – वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) है, जिसका प्रबंधन एसवीसीएल द्वारा किया जाता है और जिसका लक्ष्य 250 करोड़ रुपये का कुल कोष है। सितंबर 2025 में स्टार्टअप्स और प्रमुख उद्योगपतियों के साथ हुई हालिया बातचीत के दौरान, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य सरकार की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि हरियाणा में स्टार्टअप्स को सशक्त एवं व्यापक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### हरियाणा नवाचार और उद्यमिता का वैश्विक केंद्र बनेगाः मुख्यमंत्री



### समृद्धि का नया अध्याय शुरू होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा को नवाचार और उद्यमिता का वैश्विक केंद्र बनाना है, ताकि उद्यमिता के माध्यम से समृद्धि का नया अध्याय लिखा जा सके। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, हरियाणा सरकार की ओर से उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल तथा सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) की ओर से अरूप कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस योगदान समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### एआई , हेल्थ-टेक, एग्री-टेक और स्वच्छ ऊर्जा जैसे स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा

यह पहल राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप है, जिसके तहत युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्टार्टअप स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता एवं बाजार संबंध उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक समर्पित वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना की जा रही है। यह फंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , हेल्थ-टेक, एग्री-टेक, स्वच्छ ऊर्जा सहित विभिन्न उभरते क्षेत्रों में स्केलेबल और टिकाऊ स्टार्टअप्स में निवेश करेगा। फंड का उद्देश्य बाजार तक पहुंच, व्यावसायिक विकास, तकनीकी नवाचार और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना है, ताकि हरियाणा में एक मजबूत, आत्मनिर्भर और गतिशील स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा सके।

### इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा प्रदेश : मुख्य सचिव

**चंडीगढ़।** हरियाणा केन्द्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के तहत निवेश आकर्षित कर प्रदेश को 'इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग' के एक प्रमुख हब के रूप में विकसित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इस दिशा में राज्य जल्द ही अपनी ईसीएमएस पॉलिसी के तहत नई प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करेगा, जिनमें निवेशकों को वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने यहां एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास को गति देने राज्य में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की रणनीतियों की समीक्षा की गई। नई मसौदा 'ईसीएमएस पॉलिसी' के तहत पूंजीगत एवं परिचालन खर्च की प्रतिपूर्ति, ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर व्यय, प्रौद्योगिकी अधिग्रहण व अन्य क्षेत्रों में काम होगा।

---

# बाजरा खरीद प्रक्रिया में गड़बड़ी पर सरकार की सख्ती कनीना व कोसली अनाज मंडियों के अधिकारी सस्पेंड

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में चल रही बाजरे की खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाते हुए दो मंडियों के अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। नई अनाज मंडी, कनीना और अनाज मंडी, कोसली में ई-खरीद पोर्टल और मार्केट कमेटी के एच-रजिस्टर की ऑक्शन में अंतर पाए जाने तथा गेट पास जारी करने की प्रक्रिया में अनियमितताएं सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है।सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक की ओर से जारी आदेशों के अनुसार नई अनाज मंडी, कनीना के सचिव-सह-ईओ मनोज पराशर तथा अनाज मंडी, कोसली के सचिव-सह-ईओ नरेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया गया है।

### करनाल में फर्जी गेट पास जारी करने के आरोप में तीन अधिकारी नपे

इसके अलावा, मार्केट कमेटी करनाल में अलग-अलग आईपी का इस्तेमाल करके फर्जी गेट पास जारी किए जाने के मामले में भी तीन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। मार्केट कमेटी, करनाल के मंडी सुपरवाइजर हरदीप व अश्वनी तथा ऑक्शन रिकॉर्डर सतबीर को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया में लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा मंडियों में पारदर्शी और निष्पक्ष खरीद सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है और संबंधित अधिकारियों को पुनः सख्त निर्देश दिए गए हैं कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए।

**राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)**
(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार
गेट नं. 5, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001

**भर्ती अधिसूचना - अंतिम तिथि में विस्तार**

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्टाफ चयन परीक्षा (ESSE) - 2025**

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत नेस्ट्स (NESTS) ने देश भर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (EMRS) में शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की है और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है।

**रिक्तियां: प्रधानाचार्य** (225), **स्नातकोत्तर शिक्षक (PGTs)** (1460), **प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGTs)** (3962), **महिला स्टाफ नर्स** (550), **छात्रावास वार्डन (पुरुष/महिला)** (635), **लेखाकार** (61), **कनिष्ठ सचिवालय सहायक** (JSA) (228), **प्रयोगशाला परिचर** (146)।


विस्तृत अधिसूचना NESTS की वेबसाइट/ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदन करने की अंतिम तिथि **28.10.2025 (रात्रि 23:55 बजे तक)** बढ़ाई गई है। तथापि, ESSE-2025 अधिसूचना में उल्लिखित अनुसार पात्रता मानदंड निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि **23.10.2025** ही रहेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी NESTS की वेबसाइट **www.nests.tribal.gov.in** अथवा लिंक **https://t.co/CG8LqFvGbK** के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
जारीकर्ता: **NESTS**

---

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा

# गन्ना किसानों को कम से कम 500-600 रुपये रेट दे सरकार

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र हुड्डा ने गन्ना किसानों की हालत पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसान लगातार अपनी वैध मांगों के लिए आंदोलनरत थे, लेकिन सरकार की उदासीनता लगातार उनके जख्मों पर नमक छिड़क रही है। किसानों और कांग्रेस ने बार-बार मांग करी है कि गन्ने का रेट कम से कम 500 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। हुड्डा ने बताया कि गन्ना उत्पादन में श्रमिक, बीज, खाद, बुआई, कटाई जैसी लागतें तेजी से बढ़ी हैं। इसके अलावा, बीजेपी सरकार के दौरान पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि ने परिवहन खर्च को दोगुना- ढाई गुना



कर दिया है। आंकड़ों के अनुसार, उत्पादन लागत में पिछले दशक में 200-250 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जबकि बीजेपी सरकार ने गन्ने की दरों में केवल नाममात्र 15 की बढ़ोतरी की। यदि इन सभी कारकों को जोड़ा जाए, तो गन्ना का एमआरपी कम से कम 600 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए। बढ़ती उत्पादन लागत को ध्यान में रखते हुए यह न्यूनतम न्याय है, अन्यथा किसान आर्थिक संकट में डूब जाएंगे।

### इनेलो ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा

# खेतों से पानी निकासी नहीं करवा पाई सरकार, न ही मुआवजा मिला

**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने शुक्रवार को इनेलो मुख्यालय, चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हरियाणा में मानसून के दौरान हुई भारी बारिश से खेतों में जलभराव होने के कारण किसानों की 9 जिलों में लाखों एकड़ फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं। विडंबना यह है कि बीजेपी सरकार आज तक खेतों में खड़े उस पानी की निकासी नहीं करवा पाई है। इस बेहद गंभीर मुद्दे को लेकर 29 अक्टूबर को राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। हमने पहले भी सरकार को 30 अक्टूबर तक बारिश के चलते खेतों में हुए



जलभराव की निकासी और मुआवजा देने के लिए चेताया था। लेकिन सरकार जलभराव निकासी को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रही है। आज भी हरियाणा की लाखों एकड़ जमीन बारिश के पानी से जलमग्न हुई पड़ी है। किसान अपनी अगली बजाई को लेकर परेशान है। खेतों से समय पर जल निकासी नहीं हुई तो बजाई संभव नहीं होगी।

---

### मुख्यमंत्री ने दी जन्मदिन की बधाई

# लोगों का प्यार और आशीर्वाद मेरे लिए अमूल्य : डॉ. पूनिया



**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने सोशल मीडिया पर भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना। शुक्रवार को हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने श्रीनाथ जी मंदिर कन्हैया गार्डन में अपना केक काटकर जन्मदिन मनाया।

### 'सरदार@150 एकता मार्च' का आयोजन किया जाएगा: रस्तोगी

**चंडीगढ़।** राष्ट्र की एकता और अखंडता के सूत्रधार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा में 'सरदार@150 एकता मार्च' का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान अमृत काल की अमृत पीढ़ी यानी युवाओं को सरदार पटेल की एकता, अखंडता और शक्ति की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को दो माह तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।कार्यक्रम के अंतर्गत 31 अक्तूबर, 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर पदयात्राएं निकाली जाएंगी। इसके बाद 26 नवंबर से 6 दिसंबर, 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर 'सरदार@150 एकता मार्च' का आयोजन किया जाएगा।

### *हरियाणा बना गन्ने का देश में सबसे अधिक मूल्य देने वाला राज्य : कृषि मंत्री*



*चंडीगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा गन्ने के राज्य सलाहकार मूल्य (एसएपी) में 15 प्रति क्विंटल की वृद्धि के निर्णय से पूरे प्रदेश के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई इस घोषणा के बाद हरियाणा अब गन्ने का देश में सबसे अधिक मूल्य देने वाला राज्य बन गया है। अब शुरुआती किस्म के गन्ने का एसएपी 400 से बढ़ाकर 415 प्रति क्विंटल और देर से पकने वाली किस्म का मूल्य 393 से बढ़ाकर 408 प्रति क्विंटल कर दिया गया है।*

**अनुकंपा आधार पर नियुक्ति से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटान हेतु**

**10 नवंबर 2025**
**विशेष अदालत**

दिल्ली, लखनऊ, मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला मंडल, जम्मू एवं उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली के कार्यालय परिसर में **10.11.2025** को सुबह 11 बजे आयोजित अदालत द्वारा

**मौके पर ही मामलों का निपटान**

अनुकंपा आधार पर नियुक्ति से संबंधित अपना अभ्यावेदन दो प्रतियों में अन्य संबंधित दस्तावेज़ के साथ जिस मंडल से संबंधित है, उस मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी या मंडल कार्मिक अधिकारी को और प्रधान कार्यालय के मामलों में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (HQ-I) को दो प्रतियों में सम्बंधित कागजात के साथ 04.11.2025 तक अवश्य प्रेषित करें।

**नोटः–** **(i)** वर्कशॉप तथा अतिरिक्त इकाइयों से सम्बंधित अनुकंपा के मामलों में संलग्न मंडल को अभ्यावेदन दें।
**(ii)** पूर्व में निर्णीत मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय–I)**, उत्तर रेलवे मुख्यालय
बड़ौदा हाउस, केजी मार्ग,
नई दिल्ली – 110001

**वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड,
नई दिल्ली – 110001

**वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, हजरत गंज, लखनऊ–226001

**वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, रेल विहार, अंबाला कैंट,
अंबाला – 133001

**वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, रेलवे स्टेडियम के पास,
मुरादाबाद – 244001

**वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, स्टेशन रोड, फिरोजपुर कैंट,
फिरोजपुर – 152001

**वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी**
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे,
त्रिकुटा नगर, जम्मू – 180004

**उत्तर रेलवे**
आपकी सेवा में सदैव तत्पर

3299/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दिसंबर-2025 तक पूरी होनी थी परियोजना, लेकिन बहादुरगढ़-बादली में जमीन अधिग्रहण विवाद के कारण काम तक नहीं हुआ शुरू

# डेडलाइन खत्म होने को है, लेकिन बहादुरगढ़-बादली में शुरू तक नहीं हुआ ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण

**सरकार द्वारा 12 मार्च 2020 को अधिसूचना जारी की गई थी**

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ प्रस्तावित हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना का निर्माण पूरा होने की डेडलाइन नजदीक आ गई है। पलवल-मानेसर इलाके में इसका अधिकांश काम पूरा हो चुका है। लेकिन बादली-बहादुरगढ़ में इसके शुरू होने का इंतजार है। विदित है कि 5618 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के दिसंबर-2025 तक पूरा होने की घोषणा की गई थी। दरअसल, हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा केएमपी के साथ-साथ यह रेल लाइन बिछाई जा रही है। कनेक्टिविटी बेहतर होने से बहादुरगढ़, खरखौदा, गुरुग्राम, सोहना, मानसेर, फरुखनगर, सोनीपत व फरीदाबाद आदि औद्योगिक क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। भारत सरकार द्वारा 12 मार्च 2020 को अधिसूचना जारी की गई थी। जिसके अनुसार बादली उपमंडल के गांव बाढ़सा, मुंडाखेड़ा, इस्माइलपुर, देवरखाना, लगरपुर, दरियापुर, बादली, माजरी, गुभाना व बुपनिया के अलावा बहादुरगढ़ उपमंडल के गांव डाबोदा खुर्द, मेहंदीपुर, मांडोठी, जाखौदा, सैदपुर, आसौदा टोडरान, जसौर खेड़ी, खेड़ी जसौर व निलोठी समेत 19 गांवों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है। उम्मीद है कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर इलाके में मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब विकसित होगा।



बहादुरगढ़। सोहना के निकट केएमपी पर बन रहा हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर। फोटो: हरिभूमि

### पहले चरण में 5 स्टेशन

हरियाणा ओर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना के पहले चरण में धुलावत, चांदला-डूंगरवास, पंचगांव, मानेसर और न्यू पाटली समेत 5 नए रेलवे स्टेशन बनेंगे। इन स्टेशनों का 30 किलोमीटर का रेलमार्ग होगा। जबकि पाटली व सुल्तानपुर में रेलवे नेटवर्क के लिए 11.4 किलोमीटर लंबी कनेक्टिविटी लाइनें बिछेंगी। इसके तहत मानसेर से मारुति प्लांट और फरुखनगर में आलकार्गो के लिए भी कनेक्टिविटी दी जाएगी। पहला चरण मई-2024 तक पूरा होना था लेकिन इसमें भी करीब डेढ़ साल की देरी हो चुकी है।

### दूसरे चरण में 12 स्टेशन

दूसरे चरण में 9.4 किलोमीटर सुरंग बनाने के साथ 96 किलोमीटर का रेलमार्ग बनेगा। जबकि न्यू पलवल, सिलानी, सोहना, बाढ़सा, देवरखाना, बादली, मांडोठी, जसौर खेड़ी, खरखौदा, तुर्कपुर व हरसाना कलां आदि रेलवे स्टेशनों के अलावा असौदा और न्यू हरसाना कलां में रेलवे नेटवर्क के लिए 6.28 किलोमीटर कनेक्टिविटी लाइनें और न्यू पृथला में डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर नेटवर्क से कनेक्टिविटी की जाएगी। दूसरे चरण का कार्य दिसंबर-2025 तक पूरा होना था। लेकिन झज्जर और सोनीपत जिले में इसका निर्माण ही शुरू नहीं हुआ है।

### 20 हजार यात्री करेंगे सफर

इसके तहत पाटली में दिल्ली-रेवाड़ी रेल लाइन, सुल्तानपुर में गढ़ी हरसरू-फरुखनगर रेल लाइन, आसौदा में दिल्ली-रोहतक रेल लाइन, हरसाना कलां में दिल्ली-अंबाला रेल लाइन आपस में जुड़ेंगी। उम्मीद है कि इस कॉरिडोर पर 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से यात्री गाड़ी और 100 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से मालगाड़ी दौड़ेंगी। प्रतिदिन 20 हजार यात्री इस कॉरिडोर पर सफर करेंगे और प्रति वर्ष 50 मिलियन टन माल की दुलाई होगी। ऐसे में दिल्ली की ओर जाने वाला अनावश्यक यातायात घटेगा और यात्रियों की भीड़भाड़ कम होगी।

### ट्रैक बनाने का काम भी जल्द शुरू होगा

भूमि अधिग्रहण के दौरान रेट के विवाद के कारण प्रोजेक्ट शुरू होने में देरी हुई है। पहला अवार्ड 2022 में हुआ था। पहले चरण में 234 एकड़, दूसरे चरण में 115 एकड़ और तीसरे चरण में 75 एकड़ जमीन अधिग्रहण की गई। प्रभावित किसानों में से अधिकांश ने मुआवजा उठा लिया है। कुछ लोग आर्बिट्रेशन अथवा कोर्ट में गए हैं। निलोठी, मांडोठी और बादली में पॉवर हाउस का निर्माण शुरू करने की कवायद शुरू हो गई है। ट्रैक बनाने का काम भी जल्द शुरू होगा।
- **नसीब कुमार**, एसडीएम बहादुरगढ़



## सिरसा में महिला कुल्हाड़ी लेकर सुसाइड करने पहुंची

रानियां। एक महिला शुक्रवार को स्कूटी पर सवार होकर ओटू हैड पर पहुंची और हैड में कूदकर सुसाइड करने का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बचा लिया। महिला अपने साथ कुल्हाड़ी भी साथ लेकर आई थी। महिला ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने जैसा कदम उठाने की बात कही है। बताया जा रहा है कि महिला आंगनवाड़ी वर्कर है। ओटू हैड पर कई देर तक यह ड्रामा चलता रहा। महिला का आरोप है कि उसका पति पिछले कई सालों से एक महिला कांस्टेबल के साथ रिलेशनशिप में रह रहा है और उसे घर से निकालने की कोशिश कर रहा है, इसलिए वह सुसाइड करने जा रही थी।

**पति महिला कांस्टेबल के साथ रिलेशनशिप में रह रहा**

---

**अपराध : यमुनानगर में नकाबपोश दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम**

# व्यापारी को बंधक बनाकर लूट लिए 20 लाख रुपये

**सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही पुलिस**

*प्रतापनगर से जीरकपुर जा रहे व्यापारी को नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों के बल पर बंधकर बनाकर लूट लिया और व्यापारी की कार भी लेकर फरार हो गए।*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले के प्रतापनगर से जीरकपुर जा रहे व्यापारी को दो नकाबपोश बदमाशो ने हथियारों के बल पर बंधकर बनाकर 20 लाख रुपये लूट लिए। लूट के बाद आरोपी व्यापारी की कार लेकर फरार हो गए। मगर गनीमत यह रही की कुछ ही दूरी पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपी के सुराग ढूंढ़ने शुरु कर दिए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जल्द आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे

पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि बदमाशों की पहचान के लिए साइबर सेल और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

### व्यापारी ड्राइवर सन्नी के साथ कैश लेकर जीरकपुर जा रहा था

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रतापनगर निवासी व्यापारी आशीष अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी चुहड़पुर कलां में गणपति राइस मिल, अग्रवाल फिलिंग स्टेशन व प्रतापनगर में अग्रवाल ट्रेडर्स आढ़त की दुकान है। बीती रात वह करीब एक बजे अपने ड्राइवर सन्नी के साथ 20 लाख रुपये कैश लेकर निजी कार्य के लिए जीरकपुर जा रहा था। रास्ते में जैसे ही वह महादेव ढाबा के पास पहुंचे तो पीछे से बिना नंबर की काले रंग की वेन्यू कार ने तेज रफ्तार में आकर उनकी गाड़ी को ओवरटेक किया और आगे रोक दिया।

### व्यापारी की कार का शीशा तोड़ कर पिस्टल से धमकाने लगे

कार से दो नकाबपोश युवक उतरे। एक के हाथ में सरिया और दूसरे के हाथ में लोहे की रॉड थी। उन्होंने हथियारों से व्यापारी की कार का शीशा तोड़ दिया और पिस्टल दिखाकर दोनों को धमकाने लगे। बदमाश व्यापारी की कार लेकर मौके से फरार हो गए। कार में बीस लाख रुपये रखे हुए थे। बाद में आशीष ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मार्ग पर नाकाबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी उर्जनी गांव के पास निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास कार छोड़कर फरार हो गए हैं।

---

## जम्मू तक पैदल यात्रा कर रहे रूसी नागरिक का बैग छीन ले गए बदमाश

अंबाला। रूस से आकर देश में देवी दुर्गा की भक्ति में वाराणसी से जम्मू तक पैदल यात्रा कर रहे विक्टर से तीन बदमाश बैग झपटकर भाग गए। बदमाशों ने विक्टर को अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा गांव के पास सर्विस लेन पर रोक लिया था। रात 8 बजकर 40 मिनट पर बाइक सवा तीन नकाबपोश बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

पड़ाव थाना पुलिस ने विक्टर की शिकायत पर झपटमारी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित विक्टर ने बताया कि 28 सितंबर को रूस से रवाना होने के बाद 29 को वह भारत पहुंच गए थे। देवी दुर्गा की भक्ति में वाराणसी से जम्मू तक पैदल यात्रा पर था।

**बाइक सवा तीन नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया**

---

**एक बार फिर सीएलयू सीडी मामला सुर्खियों में आया**

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र के खिलाफ एसीबी ने दाखिल की चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम ने सीएलयू सीडी मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के खिलाफ नारनौल अदालत में चार्ज शीट दाखिल कर दी। यह मामला एडिशनल सेशल जज हर्षाली चौधरी की अदालत में है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद राव नरेंद्र सिंह की एक बार फिर टेंशन बढ़ गई है। हालांकि राजनीति गलियों में चर्चा है कि इतने दिन से फाइलों में बंद इस मामले को ऐसे समय में सामने लाना, राजनीति माहौल गर्माना है। वहीं राव नरेंद्र ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताया है।

### राजनीतिक षड्यंत्र



इस संबंध में जब हरिभूमि ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि यह पूरा मामला एक राजनीतिक षड्यंत्र के अतिरिक्त कुछ नहीं है। जो केस पिछले 12 वर्षों से निष्क्रिय पड़ा था, उसे अब अचानक सक्रिय किया जाना भाजपा की बौखलाहट में है और प्रतिशोध की राजनीति को दर्शाता है। बिना किसी नोटिस के कार्रवाई की गई।

### प्रतिशोध की राजनीति



चंडीगढ़। सीएलयू सीडी कांड के पुराने मामले को एक बार फिर से उठाए जाने को लेकर नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सवाल खड़े किए हैं। जो केस पिछले 12 वर्षों से निष्क्रीय पड़ा था, उसे अब अचानक सक्रिय किया जाना भाजपा की बौखलाहट और प्रतिशोध की राजनीति को दर्शाता है।

### यह हैं आरोप

उस वक्त इस पद पर रहते हुए पलवल की 30 एकड़ जमीन की सीएलयू के लिए पैसों की डिमांड की थी, इस मामले का एक स्टिंग ऑपरेशन किया गया था। यह स्टिंग ऑपरेशन धर्मेंद्र नाम के व्यक्ति की ओर से किया गया था। जब यह मामला सामने आया तो पूर्व विधायक रामपाल माजरा ने इसकी शिकायत सिडी के साथ लोकायुक्त को की गई थी। लोकायुक्त ने इस मामले की जांच भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी वी कामराज से करवाई। उसके बाद उन्होंने अपनी जांच पूरी करके इस मामले की जांच रिपोर्ट लोकायुक्त को सौंप दी थी।

---

*ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी आरोपी रिमांड पर*

# लेनदेन मामले को लेकर दंपति ने महिला को गला घोंटकर उतारा था मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा ली है। जिस महिला का अधजला शव पुलिस को मिला था उसे लेनदेन की वजह से मौत के घाट उतारा गया था। इस मामले में अब पुलिस ने एक दंपति को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से गहन करने के लिए उन्हें रिमांड पर लिया है।

महिला की पहचान बब्याल की सुदेश के तौर पर हुई है। दरअसल कुछ रोज पहले ही पुलिस को नग्गल-बोह रोड पर एक अधजला शव होने की सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि एक महिला की हत्या कर किसी ने सबूत मिटाने के मकसद से उसे जला दिया। शव पूरी तरह से जल नहीं पाया था। इस सिलसिले में महेशनगर पुलिस ने 19 अक्तूबर 2025 धारा 103 (01)ए 238 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। थाना प्रभारी जितेंद्र ढिल्लों व उनकी टीम ने इस मामले में अब गांव बुड्डाखेड़ा के रहने वाले आरोपी जसमेर उर्फ लवली उर्फ कल्लू व एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया है। शुरूआती जांच में पता चला है कि पकड़े गए आरोपी दंपत्ति ने बब्याल की सुदेश से पैसे लिए हुए थे। आरोपी उसके पैसे नहीं लौटा रहे थे। इसको लेकर दोनों के बीच तकरार हुई थी।



अंबाला। हत्या के आरोपी पुलिस हिरासत में

---

# सिरसा में रिश्वत लेता पटवारी गिरफ्तार

सिरसा। एंटी क्रप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने एक पटवारी को लोन दुरुस्त करने की एवज में तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। टीम ने इस दौरान एक प्रोपर्टी डीलर को भी दबोचा है, जिसने किसान से पटवारी के लिए पैसे पकड़े थे। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक रामपुरा ढाणी निवासी नवनीत ने बैंक से ऋण लिया था। ऋण अदा करने के बाद उसने पटवारी को जमाबंदी से ऋण हटाने के लिए दरखास्त दी। आरोप है कि पटवारी ने नवनीत से रिश्वत मांगी। शुक्रवार को नवनीत सिरसा के ई-दिशा केंद्र में पटवारी को पैसे देने गया तो इशारा मिलते ही एसीबी की टीम ने पटवारी को रिश्वत के पैसे लेते हुए पकड़ लिया। प्यारे लाल सेवानिवृत्ति के बाद पुनः नियुक्ति के तहत पटवारी के तौर काम कर रहा था।

---

## राजस्थान के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करेगा हकेंवि का भूगोल विभाग

**कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अध्ययन दल को दिखाई हरी झंडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से राजस्थान के सवाई माधोपुर, उदयपुर व सिरोही जिलों में हाल ही में हुई भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का भौगोलिक सर्वेक्षण किया जाएगा। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य इन प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन, कृषि, आजीविका और पर्यावरण पर पड़े सामाजिक व आर्थिक प्रभावों का गहन अध्ययन करना है। विश्वविद्यालय परिसर से सर्वेक्षण दल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेंश्वर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भौगोलिक सर्वेक्षण और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को जनहित में पूरा किया जा सकता है। यह अध्ययन विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ समाज से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

---

## सोशल मीडिया पर अपराधों को बढ़ावा देने वाले 16 युवकों को किया गया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने साफ कर दिया है कि अब सोशल मीडिया अपराधियों का अड्डा नहीं बनेगा। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपराध से जुड़ी गतिविधियों पर तेज निगरानी रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद प्रभारी वेदपाल और सोशल मीडिया प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम ने उन लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है, जो अपराधियों को सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि दिलाने का माध्यम बन रहे थे। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान पुलिस टीम ने पाया कि कुछ अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति इंस्टाग्राम आईडी सोनू रतिया 307 के माध्यम से अपराध से जुड़ी सामग्री साझा कर रहे थे। चौंकाने वाली बात यह रही कि 16 युवक इस आपराधिक आईडी को फॉलो कर रहे थे, जिससे ऐसे तत्वों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रचार और लोकप्रियता मिल रही थी। फतेहाबाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए सभी 16 युवकों को नोटिस जारी कर अपराध जांच शाखा, रतिया में तलब किया।

---

**डॉ. अनिका मलिक को मिला किसान-नेतृत्व विस्तार पुरस्कार**

# लुवास संकाय ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया विश्वविद्यालय का मान



हिसार। डॉ. अनिका मलिक को बधाई देते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपना परचम लहराया है। मध्य प्रदेश के महू स्थित नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में सोसाइटी फॉर वेटरनरी एंड एनिमल हसबेंडरी एक्सटेंशन (एसवीएएचई) द्वारा आयोजित 7वें राष्ट्रीय सम्मेलन में लुवास की सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिका मलिक को 'किसान-नेतृत्व विस्तार पुरस्कार (महिला)' से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन 'पशुधन और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए विस्तार रणनीतियों का एकीकरण' विषय पर आयोजित हुआ।

**लुवास में सहायक प्रोफेसर हैं डॉ. अनिका मलिक**

### प्रभावी शोध-प्रस्तुति दी

डॉ. अनिका मलिक, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विस्तार शिक्षा विभाग की संकाय सदस्य हैं। उन्होंने सम्मेलन में 'हरियाणा में एकीकृत कृषि प्रणाली: एक आकलन अध्ययन' विषय पर प्रभावी शोध-प्रस्तुति दी। सम्मान प्राप्ति के उपरांत शुक्रवार को महाविद्यालय के डीन डॉ. मनोज रोज, विभागाध्यक्ष डॉ. गौतम एवं अनिका मलिक ने कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा से मुलाकात की। कुलपति ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. अनिका को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और इससे विस्तार शिक्षा के क्षेत्र में लुवास की पहचान और अधिक मजबूत हुई है।

### आभार जताया

डीन डॉ. मनोज रोज़ और विभागाध्यक्ष डॉ. गौतम ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग आगे भी किसानों को वैज्ञानिक तकनीक, प्रशिक्षण एवं नवाचार आधारित विस्तार सेवाएं उपलब्ध कराने के अपने प्रयासों को और सुदृढ़ रूप से जारी रखेगा।

---

**केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बेटी को राजनीतिक विरासत सौंपने के दिए संकेत**

# 75 साल की उम्र में ज्यादा भागदौड़ नहीं कर सकता, राजनीति से संन्यास का संकेत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि करीब 75 साल की उम्र हो गई, अब ज्यादा भागदौड़ नहीं कर सकता। इसलिए युवाओं को आगे बढ़ाने का तर्क देकर उन्होंने आरती राव को विरासत सौंपने के संकेत दिए हैं। कहा कि आरती राव जनता के बीच रहकर चारों विधानसभाओं के विकास में योगदान दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज और लॉजिस्टिक हब की स्थापना में जिले के चारों विधायकों की सहमति, सांसद चौ. धर्मबीर तथा स्वयं का योगदान होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि बीते करीब 50 साल से सक्रिय राजनीति कर रहा हूं, इस लंबी अवधि में कभी भी जनता के समर्थन की ताकत का दुरुपयोग नहीं किया। बिना भेदभाव किया विकास कार्यों का आगाज तथा सहयोग किया है। वर्तमान में आरती सिंह राव सूबे की कैबिनेट मंत्री है, जिसके अथक प्रयासों से मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाएं लगनी संभव हो पाई हैं। हालांकि अभी चिकित्सक, संसाधन तथा अन्य सुविधाओं का प्रबंध नहीं हो पाया है। किंतु सरकार जल्द ही व्यवस्था करने की योजना पर काम कर रही है। इस दौरान राव इंद्रजीत ने उन्हें कैबिनेट मंत्री नहीं बनाए जाने पर असंतोष जाहिर किया, कहा कि चमचागिरी करने का स्वभाव नहीं।



नांगल चौधरी। जलपान कार्यक्रम में शिरकत करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

### ईमानदारी-स्वाभिमान विरासत में मिले

ईमानदारी और स्वाभिमान उन्हें विरासत से मिला है, जिसका सम्मान बनाए रखना उनका और आरती राव का नैतिक दायित्व है। उन्होंने तर्क दिया कि जब खुद और इलाके के स्वार्थ की बात आती है तो हमेशा इलाके के स्वार्थों को प्राथमिकता दी है। लंबे कार्यकाल की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया तथा भविष्य में भी जनहित की समस्याओं का निवारण कराने के प्रयास रहेंगे।

---

# रत्नावली का 28 को सीएम सैनी करेंगे उद्घाटन

## 3500 युवा कलाकार 6 मंचों पर मचाएंगे धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 28 से 31 अक्टूबर तक होने वाले रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। यह जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस बार का समारोह बहुत खास होगा। समारोह में जहां हरियाणवी सांझी कला व हरियाणवी बोली को स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा वहीं सांस्कृतिक दृष्टि से प्रदेशभर के 3500 के करीब युवा कलाकार 6 मंचों पर चार दिन हरियाणवी लोक संस्कृति की धमाल मचाएंगे।

### 14 कमेटियों के संयोजक व सदस्य संभालेंगे व्यवस्था

रत्नावली समारोह के सफल आयोजन के लिए चार दिनों तक 14 कमेटियों के संयोजक व 78 सदस्य व्यवस्था संभालेंगे। पंजीकरण व यातायात कमेटी के संयोजक डॉ. आनन्द कुमार होंगे उनके साथ डॉ. रश्मि चौधरी, डॉ. सुमन बाला, डॉ. मोनिका, डॉ. सुरजीत कुमार सहित एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर सदस्य होंगे। अनुशासन कमेटी के संयोजक डॉ. अनिल कुमार होंगे उनके साथ खेल विभाग के निदेशक, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष, आईटीटीआर व आईआईएचएस के प्रिंसिपल, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, प्रो. परमेश कुमार, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. विवेक गौड़ सदस्य के रूप में व्यवस्था संभालेंगे।

# अब टाटा मोटर्स का नाम बदलकर हुआ 'टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स ने आधिकारिक रूप से अपना नाम बदलकर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी ) कर लिया है। कंपनी के शेयर अब स्टॉक एक्सचेंजों पर 'टीएमपीवी' नाम के तहत ट्रेड हो रहे हैं। यह बदलाव कंपनी के कमर्शियल व्हीकल (सीवी) बिजनेस के डिमर्जर के बाद हुआ है, जो इस महीने की शुरुआत में प्रभावी हुआ था।

## कंपनी के शेयर अब टीएमपीवी के नाम से ट्रेड हो रहे

### 1:1 के अनुपात में मिलेगा शेयर

निवेशकों को टाटा मोटर्स के प्रत्येक 1 शेयर पर टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल बिजनेस (टीएमएलसीवी) का 1 शेयर मिलेगा। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल (टीएमएलसीवी)के शेयर नवंबर में बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की संभावना है। यह डिमर्जर 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो चुका है, जबकि शेयर एडजस्टमेंट 14 अक्टूबर को हुआ।




### डिमर्जर का उद्देश्य

टाटा मोटर्स के बोर्ड ने अगस्त 2024 में डिमर्जर को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य दोनों सेगमेंट, कमर्शियल व्हीकल्स और पैसेंजर व्हीकल्स को अलग-अलग पहचान देना और उनके बिजनेस मॉडल्स के हिसाब से रणनीति बनाना था।

### निवेशकों के लिए इसका क्या मतलब है?

इस डिमर्जर के बाद निवेशकों के पास अब दो अलग-अलग कंपनियों के शेयर होंगे। एक कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट पर आधारित और दूसरा पैसेंजर व्हीकल बिजनेस पर। दोनों के अलग-अलग बिजनेस मॉडल और ग्रोथ ड्राइवर्स होने से निवेशकों को ज्यादा पारदर्शिता और वैल्यू क्रिएशन के अवसर मिल सकते हैं।

टाटा मोटर्स ने अपने कमर्शियल और पैसेंजर व्हीकल बिजनेस को अलग-अलग सूचीबद्ध संस्थाओं में बांटने का फैसला किया था, ताकि दोनों सेगमेंट अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर फोकस और विकास के अवसर पा सकें। कंपनी ने इस डीमर्जर के लिए 14 अक्टूबर को रिकॉर्ड डेट तय की थी, ताकि यह तय किया जा सके कि किन शेयरधारकों को नए टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल (टीएमएलसीवी) बिजनेस के शेयर मिलेंगे।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Arya Sharma, Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak
Angori W/o Late Hari Chand
Vs.
General Public
CNR No. HRRH01-009182-2022
Next Date : 20.01.2026
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **20.01.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak
Dated, this day of 17.10.2025

## सीजीएसटी भवन के उद्घाटन अवसर पर वित्त मंत्री बोलीं

# जीएसटी अधिकारी ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र रहें

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन के अवसर पर सीतारमण ने कर अधिकारियों से तेजी से पंजीकरण मंजूरी एवं शिकायत निवारण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और क्षेत्रीय इकाइयों से सक्रिय रूप से व्यापार करने में सुगमता लाने का भी आह्वान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसा करने से केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) स्पष्ट संदेश देगा कि कदाचार, कर्तव्य की उपेक्षा या अनैतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, ''आपके और व्यापारी के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं है, बस हवा का एक झोंका है।

### तेजी से पंजीकरण मंजूरी करने का आह्वान



### बुरे करदाताओं को पकड़ने नियमों का पालन करें

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ व्यवहार करते समय अधिक सहानुभूति एवं शिष्टाचार दिखाना चाहिए और उन्हें यह एहसास दिलाना चाहिए कि अगली पीढ़ी के जीएसटी के तहत उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। मंत्री ने कहा, " अगर करदाताओं में कुछ लोग बुरे लोग हैं तो उन्हें पकड़ने के लिए नियमों का पालन करें लेकिन हर किसी को संदेह की नजर से न देखें।"

### करदाताओं को बेहतर महसूस होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "यह महत्वपूर्ण है कि आप विनम्र बने रहें। अगली पीढ़ी का जीएसटी केवल दरों, श्रेणियों, सरलीकरण के बारे में नहीं है। इससे करदाता को बेहतर महसूस होना चाहिए।"इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विनम्रता को कानून व नियमों के साथ समझौते के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

### बेईमान करदाताओं को कोई राहत न दें

वित्त मंत्री ने कहा, ''अच्छे काम करते रहें, सुधारों की गति बनाए रखें और हमेशा याद रखें कि हमारा अंतिम लक्ष्य ईमानदार करदाताओं का जीवन आसान बनाना है। बेईमान करदाताओं को किसी भी तरह से राहत न दें। अगर हम ऐसा करेंगे, तो आर्थिक वृद्धि एवं समृद्धि निश्चित रूप से आएगी।" उन्होंने कहा कि कर अधिकारियों को बेईमान करदाताओं से निपटते समय 'व्यक्तिनिष्ठ' होने की जरूरत नहीं है और उन्हें केवल निर्धारित नियमों या मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करना चाहिए।

## वैश्विक बाजारों में रहा कमजोर रुख

# सोना फिसलकर 1,25,600 प्रति 10 ग्राम, चांदी भी टूटी

### सोना 18 अक्टूबर को 1,32,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हुआ था बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुझान के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमतें गिरकर 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 18 अक्टूबर को 1,32,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना टूटकर 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। शनिवार को यह 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स्थानीय सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमतें भी गिरकर 1,52,600 रुपये प्रति



किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गईं।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। सर्राफा संघ ने कहा कि दिवाली उत्सव के बीच चार दिनों तक कारोबार बंद रहने के बाद स्थानीय सर्राफा बाजार में कारोबारी गतिविधियां शुक्रवार को फिर से शुरू हो गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, पिछले सत्र में 0.67 प्रतिशत बढ़ने के बाद शुक्रवार को हाजिर सोना 38.47 डॉलर यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 4,087.55 डॉलर प्रति औंस रह गया।

### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता

सप्ताह की शुरुआत में तेज बिकवाली के बाद व्यापारी सतर्क रहे और ताजा लिवाली से बचते नजर आये। गांधी ने कहा कि भारत में कई बाजार त्योहारी छुट्टियों के मौसम में बंद हैं, और दिवाली त्योहार खत्म होने के बाद, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता भारत में मांग में गिरावट आने की उम्मीद है। विदेशी बाजारों में चांदी हाजिर 1.66 डॉलर टूटकर 48.12 डॉलर प्रति औंस रह गई।

**सूचना**
मैं, कुसुम पत्नी श्री सोमपाल निवासी 12-पीडब्लूडी कालोनी, जींद, तहसील व जिला जींद बयान करती हूं कि मेरा नाम आधार कार्ड में कुसुम दर्ज है तथा मेरे पुत्र अमरजीत के पासपोर्ट में मेरा नाम कुसमलता दर्ज है जो कि गांव व समाज में मुझे कुसुम नाम से जाना, समझा व पुकारा जाता है जो की सही है। उक्त नामों में किसी को भी किसी प्रकार की दिक्कत परेशानी आती है या कोई त्रुटि पाई जाती है तो मैं स्वयं जिम्मेवार होगी। भविष्य में मुझे कुसुम नाम से जाना व पहचाना जाए।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Deepti**
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
**MUKUL VERMA**
**Vs.**
**GENERAL PUBLIC**
CNR No. HRSO02-002072-2025
Next Date : 14.11.2025
Succession certificate
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**India Sonipat Haryana**
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 14-11-2025 at 10:00 a.m.
Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law.
Given under my hand and the seal of the Court, this 03-10-2025.
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Sonipat

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Deepti**
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
**RAVISH KUMAR**
**Vs.**
**RAMESH TUSHIR**
CNR No. HRSO02-001300-2023
Next Date : 11.12.2025
CS/991/2020
It is therefore prayed that this Honble Court may be pleased to pass a decree for recovery of Rs. 27348000 alongwith the pendant lite future interest at the rate 12 perecent per annum, pass any other order as this Honble Court may deems fit and proper in the present situation and circumstances.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**3. Jaideep Tuhsir**
**Son:- Ramesh Tushir**
**Vill. Nangal Kalan, Tehsil and Distt. Sonipat**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **11.12.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 13.10.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Deepti**
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
**YOGINDER KUMAR**
**Vs.**
**STATE OF HARYANA THROUGH COLLECTOR, SONIPAT**
CNR No. HRSO02-001350-2025
Next Date : 10.11.2025
CS/964/2025
Prayed for a decree as mention in the plaint may kindly be passed in favour of the plaintiff against the defendant in the interst of justice.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**Sonipat Haryana**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **10.11.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 15.10.2025

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
**निविदा सुचना संख्या: 32-W-BR-1125 -1077-MB दिनांक 15.10.2025**
**कार्य का नाम व स्थान:** अधि. अभि. पुल / मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार मुरादाबाद मंडल में बरेली–मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 1125 UP & DN, 1075 UP और 1077 UP के ऊपरी फ्लैंजों को बदलना और स्ट्रिंगर और क्रॉस गर्डर के ऊपरी फ्लैंज पर अतिरिक्त कवर प्लेट का प्रावधान करना।
उपरोक्त कार्य के एनआईटी हेडर में निम्न काम की समान प्रकृति को विशेष तकनिकी मानदण्ड में जोड़ा गया है।
**काम की समान प्रकृति:** Repair to steel girders including supply, fabrication, erection of steel bridge members & field riveting etc. OR Supply, fabrication, assembly & erection/launching of Railway girders/FOB/ROB OR Supply, fabrication, assembly & re-girdering of Railway girders/FOB/ROB.
ध्यान दें:– अन्य सभी शर्तें व नियम समान रहेंगी। **3310/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Deepti**
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
**PARVESH**
**Vs.**
**BOARD OF SCHOOL EDUCATION THROUGH ITS SECRETARY**
CNR No. HRSO02-000290-2025
Next Date : 12.12.2025
CS/225/2025
Prayed for a decree as mention in the plaint may kindly be passed in favour of the plaintiff against the defendant in the interst of justice.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**Sonipat Haryana**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **12.12.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Senior Division), Sonipat
Dated, this day of 15.10.2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 CrPC देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम कालियावास, जिला झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No. 395/2019 U/S 498A/34 IPC, अन्तर्गत थाना डाबड़ी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 395/2019 U/S 498A/34 IPC, अन्तर्गत थाना डाबड़ी, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार,
**सुश्री वैशाली सिंह**
**मेट्रोपॉलिटन दण्डाधिकारी (महिला न्यायालय–5)**
**कक्ष संख्या 310, तृतीय तल**
**DP/14206/DW/2025(Court Matter)** **द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली**

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# घरेलू शेयर बाजार में छह दिनों बाद आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों एवं एफएमसीजी शेयरों में मुनाफावसूली के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार छह कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 344.52 अंक यानी 0.41 प्रतिशत गिरकर 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 599.25 अंक की गिरावट के साथ 83,957.15 अंक पर आ गया था। निफ्टी 96.25 अंक की गिरावट के साथ 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। इसके 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में सबसे अधिक 3.20 प्रतिशत की गिरावट आई। अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। घरेलू शेयर बाजार लगातार छह सत्रों की तेजी के बाद नुकसान में रहे। इसके पीछे ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली हावी होने के अलावा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी का भी हाथ रहा। गोयल ने जर्मनी में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत जल्दबाजी में सौदे नहीं करता है और न ही समयसीमा तय करके या दबाव में आकर समझौते करता है। छुट्टियों से प्रभावित इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 259.69 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़ा जबकि निफ्टी में कुल 85.3 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की तेजी रही।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# पतंजलि योगपीठ में गढ़ा गया चिकित्सा विज्ञान का नया इतिहास

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ में चिकित्सा विज्ञान का नया इतिहास गढ़ा गया। स्वामी रामदेव महाराज तथा आचार्य बालकृष्ण महाराज की उपस्थिति में यज्ञ-अग्निहोत्र के अनुष्ठान व वेदमंत्रों के साथ पंतजलि इमरजेंसी एण्ड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का अनौपचारिक प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी ने कहा कि आज चिकित्सा विज्ञान के अनुष्ठान का नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है। पतंजलि की यह व्यवस्था चिकित्सकीय लोकतांत्रिक व्यवस्था है




जो रोगियों के लिए न्यायप्रधान है। उन्होंने घोषणा की कि हरिद्वार में तो इस हॉस्पिटल का मात्र बीजारोपण है, दिल्ली, एन.सी.आर. में एम्स, अपोलो या मेदांता से भी बड़ा वर्जन बहुत जल्द सामने आएगा। विशेष बात यह रहेगी कि यह कॉरपोरेट हॉस्पिटल नहीं कापरेट हास्पिटल होगा जिसमें व्यापार नहीं रोगियों की सेवा की जाएगी। हमारा उद्देश्य एकीकृत चिकित्सा पद्धति के तहत रोगियों को आरोग्य प्रदान करना है। स्वामी ने कहा कि पतंजलि में बहुत समय से विचार था कि जहाँ पर नितांत आवश्यक हो, वहाँ माडर्न मैडिकल साइंस का आश्रय लिया जाए। पूरी दुनिया के लिए यह एक नई दृष्टि होगी कि केवल इमरजेंसी के तौर पर ही हम इस विधा का प्रयोग करेंगे। हमारे पास इस नई दृष्टि से समन्वित व आप्लावित समर्पित चिकित्सकों की त्रिवेणी का संगम है।

**IN THE COURT OF DR.AMAN INDER SINGH, CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION), KAITHAL.**
**REMINDER I FOR PUBLICATION**
**C.I.S. No.Succ/22/2025**
**Date of Institution: 24.07.2025**
**CNR No. HRKH02-001661-2025**
**Next Date of Hearing: 06.12.2025 at 10:00 A.M.**
1. Kirti D/o Balvinder son of Rameshwar, 2. Anmol aged 16 son of Balvinder son of Rammeshwar minor through his sister petitioner no. 1 as his next friend/ natural guardian both residents of Village Rajound tehsil Rajound District Kaithal.
..... Petitioners
Vs
1. General Public.
.....Respondent
**Suit for declaration**
Whereas in the above noted petition, it has been proved to the satisfaction of this Court that the above named Respondent No.1 i.e. General Public can not be served in ordinary way of process. Hence, this publication notice is hereby issued against the above noted Respondent No.1 i.e. General Public. If he/she/they want to contest this petition, he/she/they should appear in this court on 06.12.2025 at 10:00 A.M. personally or through duly instructed agent/pleader, failing which an exparte proceeding shall be taken against him/her/them.
Given under my hand and seal of the Court.
Sd/- (Dr. Aman Ander Singh)
Civil Judge (Senior Division), Kaithal.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 CrPC/ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **खन्ना पुत्र** राम चंदर, **निवासी** गली नं0–08, विकास कॉलोनी, मुरथल रोड, सोनीपत, हरियाणा, ने **FIR No. 1307/2016, U/S 392/411 IPC, पुलिस स्टेशन विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **खन्ना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **खन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1307/2016, U/S 392/411 IPC, पुलिस स्टेशन विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **खन्ना** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री निधि चितकारा
**DP/14123/RD/2025 (Court Matter)** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं0 109, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली


## शब्द पहेली - 6027




**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

### शब्द पहेली -6026 का हल








# महालठबंधन में अटक दल, लटक दल, भटक दल, झटक दल और पटक दल शामिल, सचेत रहें

## पीएम मोदी का समस्तीपुर और बेगूसराय की जनसभा में महागठबंधन पर तीखा प्रहार



एजेंसी ⏭ पटना

पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर समस्तीपुर और बेगूसराय में जनसभा को संबोधित किया। दोनों जनसभाओं में उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। जंगलराज का कई बार जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन नहीं लठबंधन है। ये आपस में ही लड़ रहे हैं। लाठियां भांज रहे हैं। ये कैमरे पर आकर कुछ भी बोले लेकिन पीठ पीछे एक दूसरे की खाल खींज रहे हैं। इस महागठबंधन में अटक दल है, भटक दल है, लटक दल है, झटक दल है और पटक दल है। राजद बीते दो दशक में कोई चुनाव नहीं जीता है। लेकिन, अपने अहंकार में इनके लोग अटके हुए हैं। राजद ने झामुमो को इसी अहंकार में झटक दिया। बिहार में कांग्रेस को पटक दिया। वीआईपी को भटका दिया और वामदल को अटका दिया। कांग्रेस 35 साल से बिहार में आरजेडी की पिछलग्गू बनी है. इस बार आरजेडी ने उसको फिर से पटक दिया। इन लोगों ने वीआईपी को भी फटका दिया। जो लेफ्ट के दल हैं उनको लटका दिया। जब स्वार्थ हावी होता है, लूट खसोट ही लक्ष्य होता है, तो वही होता है जो आरजेडी और कांग्रेस वाले कर रहे हैं।



### लालू प्रदेश, कांग्रेस देश में सबसे ज्यादा भ्रष्ट परिवार

*उन्होंने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि वह परिवार बिहार का सबसे ज्यादा भ्रष्ट परिवार है। इसके ज्यादातर सदस्य जमानत पर बाहर निकले हैं। यह लोग जमानत पर जीने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस का एक परिवार है, वह देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। इस परिवार के लोग भी जमानत हैं। इसलिए अब एक ही नारा गूंज रहा है, नई रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर गूंजेगा एनडीए सरकार।*

### लालटेन बुझी, अब लाइट ऑन कीजिए, उसकी जरूरत नहीं?

पीएम ने लोगों से मोबाइल की लाइट जलाने के लिए कहा। इसके बाद जब लोग मोबाइल का लाइट जलाकर खड़े हुए तो पीएम मोदी ने कहा कि जब इतनी लाइटें हैं तो आपको लालटेन की जरूरत है क्या? बिहार में अब लालटेन की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भारत में सबसे ज्यादा सस्ता इंटरनेट उपलब्ध है। एक कप चाय जितनी कीमत में एक जीबी डाटा उपलब्ध हो जाता है।

### भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी, प्रेरणापुंज बताया

पीएम मोदी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को उनके पैतृक गांव कर्पूरी ग्राम (समस्तीपुर) में श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को प्रेरणापुंज मानती है। गरीबों को पक्का घर, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज, शौचालय, नल का जल और सम्मान का जीवन जीने के लिए हर तरह की सुविधा देना क्या उनकी सेवा नहीं है?

### पहले कभी बैंक का दरवाजा नहीं देखा अब किसान सम्मान निधि मिल रही

पीएम मोदी ने कहा कि छोटे किसानों को कोई सरकारी नहीं मिलती थी। बैंकों का दरवाजा बंद था। लेकिन, पहली बार एनडीए सरकार ने किसानों के लिए बैंकों के दरवाजे खोले। बिहार के छोटे किसानों के खाते में 28 हजार करोड़ रुपए किसान सम्मान निधि योजना के लिए जरिए जमा किए गए। अगर जंगलराज की सरकार रहती तो क्या आपके खाते में यह पैसे आते क्या? लालटेन और पंजे वाले आपका पैसा खा लेते थे।

### जंगलराज वालों का डिब्बा गोल करें

पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपको राजद और कांग्रेस की बदनियत से भी सावधान करता हूं। यह लठबंधन वाले जिन्हें चुनाव में लड़वा रहे हैं, उनके बारे में जानकर आप डर जाएंगे। अभी से यह लोग धमकी देने लगे हैं। इनका प्रचार गोली-बंदूक के बल पर चल रहा है। आपको जंगलराज वालों का डिब्बा गोल करना जरूरी है।

### सीताराम केसरी का अपमान कभी नहीं भूलेगा बिहार

*पीएम मोदी ने कहा कि साथियों आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी की पुण्य तिथि है। देश कभी नहीं भूलेगा कि किस तरह कांग्रेस ने सीताराम केसरी का अपमान किया था। इनलोगों ने दलितों और पिछड़ों का अपमान किया। कांग्रेस के एक परिवार वालों ने उन्हें बाथरूम में फेंक दिया। अध्यक्ष पद से हटा कर फेंक दिया। और, उस परिवार ने अध्यक्ष पद की चोरी कर ली।*

### राजद और कांग्रेस तो खुद ही अपने आप में एक समस्या

राजद और कांग्रेस तो खुद ही अपने आप में एक समस्या है। इनके पास बिहार की समस्या का कभी समाधान नहीं था। यह लोग संवेदनहीन लोग हैं। यह लोग बाढ़ आने पर गरीबों का मजाक उड़ाते हैं। इनकी ऐसी ही सोच ने बिहार को उत्तर और दक्षिण बिहार में बांटे रखा।

## 100 शहाबुद्दीन आ जाएं...किसी का बाल बांका नहीं कर सकते



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के सिवान जिले में रैली को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने बिहार के बाहुबली नेता रहे शहाबुद्दीन का जिक्र किया। शाह ने कहा कि अगर 100 शहाबुद्दीन आ जाए तो भी किसी का बाल बांका नहीं कर सकते हैं। शहाबुद्दीन की विचारधारा को जीतने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने पूरे बिहार को जंगलराज से मुक्त किया और हम नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। शाह ने कहा कि आज मैं कहने आया हूं कि अभी अभी आपने दीपावली मनाई है, छठ पर्व भी मनाएंगे, मगर सच्ची दीपावली 14 नवंबर को होगी, जब लालू के बेटे का सूपड़ा साफ हो जाएगा। जंगलराज नीतीश जी ने पूरे बिहार को जंगलराज से मुक्त कराया है।

### सिवान की भूमि राजेंद्र बाबू की भूमि

शाह ने कहा कि ये सिवान की भूमि महान राजेन्द्र बाबू की भूमि है। राजेंद्र बाबू हमारे देश के पहले राष्ट्रपति बने, संविधान सभा के अध्यक्ष रहे। आजादी के आंदोलन के प्रमुख नेता रहे उनकी इस भूमि को मैं बार-बार प्रणाम करता हूं।

### सोनिया-लालू की सरकार में आतंकियों को बिरयानी खिलाई गई

शाह ने कहा कि अभी हाल ही पहलगाम में पाकिस्तान के आतंकियों ने हमला किया, जब केंद्र में सोनिया-लालू की सरकार थी, तो आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जा रही थी। लेकिन हमने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया करने का काम किया।

### खेसारीलाल को दूध से नहलाया, सिक्कों से तोला



छपरा से आरजेडी प्रत्याशी के रूप में नामांकन के बाद खेसारी लाल यादव का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। लोगों ने उन्हें दूध से नहलाया और सिक्कों से तोला। भीड़ में नारेबाजी और खुशी का माहौल देखने को मिला। खेसारी लाल ने कहा कि यह नाचने वाला अब भाजपा को हराएगा।

**बैकुंठपुर में बोले शिवराज**

## महागठबंधन भस्मासुर है यदि इन्हें वरदान मिला तो जनता को ही भस्म कर देंगे

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैकुंठपुर में चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भस्मासुर की तरह है। अगर उन्हें आशीर्वाद मिला तो जनता को जलाकर भस्म कर देंगे। इनके राज में माफिया, अपराधी, गुंडे, बदमाशों का राज था। आम आदमी की जिंदगी दूभर हो गई थी। एनडीए मंगलराज चाहता है, जहां जनता का मंगल और कल्याण हो।



चौहान ने कहा कि रामराज का मतलब है हमारे बच्चे आईआईटी, आईआईएम में पढ़ें, एम्स जैसे अस्पताल बनें, गांव में शानदार सड़कें बनें, बिजली आए और किसानों के खेतों में पानी और अच्छे स्कूल।

### आरजेडी मतलब रंगबाज, जंगलराज, डकैती

राहुल गांधी और तेजस्वी की बारात ऐसी है, जिनके आधे बाराती जेल में और आधे बेल पर हैं। आरजेडी की फुल फॉर्म बताते हुए शिवराज ने कहा, रंगबाज, जंगलराज, डकैती।

### अगर मैं बिहार का सीएम बना तो 14 करोड़ लोग सीएम बनेंगे

महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर जनता ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया, तो बिहार के 14 करोड़ लोग सीएम यानी चिंता मुक्त हो जाएंगे। हमारी राजनीति झूठ नहीं, भरोसे की राजनीति है। जो कहा है, वो करेंगे, और जो करेंगे, वही कहेंगे। अगर महागठबंधन की सरकार बनी, तो हर परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा किया जाएगा। साथ ही राज्यभर की जीविका दीदियों को सशक्त बनाने के लिए एक विशेष योजना लागू की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### जनवरी से नहीं चलेगा एआई बॉट ओपन एआई ने बताए नए विकल्प

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय एआई चैटबॉट चैटजीपीटी अब जल्द ही व्हाट्सएप से गायब होने वाला है। मेटा ने अपनी नई पॉलिसी के तहत घोषणा की है कि जनवरी 2026 से व्हाट्सएप पर थर्ड-पार्टी एआई बॉट्स को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इसका सीधा असर उन यूजर्स पर पड़ेगा जो वाट्सएप के जरिए चैटजीपीटी या परप्लेक्सिटी एआई जैसे बॉट्स का उपयोग करते थे।

### एनसी के 3 और भाजपा के एक प्रत्याशी रास पहुंचे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा की 4सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 4 तो भाजपा ने3 प्रत्याशी मैदान में उतारे। चुनाव के नतीजों का एलान हो गया है। एनसी ने 3 सीटों पर जीत दर्ज की, वहीं चौथी सीट पर भाजपा जीती है। जम्मू-कश्मीर भाजपा के अध्यक्ष सत शर्मा 32 वोट हासिल कर विजयी रहे।



### 11,000 करोड़ का बैंक फ्रॉड, 800 शेल कंपनियां और 5000 खाते मिले

**मुंबई।** ईडी ने नागपुर जोनल ऑफिस की कार्रवाई में कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और इसके प्रमोटर्स की 67.79 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ये कार्रवाई 11 हजार करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी के मामले में की गई है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के अनुसार कंपनी ने प्रोजेक्ट की लागत गलत बताकर कई बैंकों से कर्ज लिया। फिर उस लोन की रकम को 800 से ज्यादा शेल कंपनियों और 5000 बैंक खातों के जरिए घुमाया और गबन किया।

### चीन ने लद्दाख में एलएसी के पास बनाया एयर डिफेंस कॉम्पलेक्स

**नई दिल्ली।** चीन ने तिब्बत के इलाके में पैंगोंग लेक के पूर्वी किनारे पर एयर डिफेंस कॉम्लेक्स बनाकर तैयार कर लिया है। चीन की नापाक हरकतों की आशंकाएं पहले से ही जताई जाती रही हैं। लेकिन, अब नई सैटेलाइट तस्वीरों से ड्रैगन के काले कारनामे बेनकाब हो गए हैं। सैटेलाइट इमेज के आधार पर दावा किया जा रहा है कि चीन ने अपने नए एयर डिफेंस कॉम्पलेक्स में कमांड एंड कंट्रोल बिल्डिंग के साथ ही बैरक, वाहनों के शेड, म्यूनिशंन स्टोरेज, सतह से हवा में और सतह से सतह पर हमले में सक्षम मिसाइलों से लैस बड़े वाहनों को तैनात करने का बंदोबस्त किया है।

## छठ महापर्व पर रेलवे स्टशनों पर उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब

# भीड़ से पटे रेलवे स्टेशन, पैर रखने की भी जगह नहीं, फिर भी लोगों में शिकन नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोक आस्था का महापर्व छठ जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे श्रद्धा और भक्ति का सैलाब पूरे क्षेत्र में उमड़ पड़ा है। फारबिसगंज रेलवे स्टेशन पर ऐसा नजारा देखने को मिला मानो पूरा जनसागर एक साथ उमड़ आया हो। प्लेटफॉर्म पर पैर रखने की जगह नहीं थी। हर ओर जय छठी मइया के जयकारों से वातावरण गूंज रहा था।गंगा स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु फारबिसगंज एवं आस पास के क्षेत्र से मनिहारी घाट के लिए निकल रहे हैं।

दिन हो या रात हर ट्रेन श्रद्धालुओं से खचाखच भरी हुई रहती है। स्थिति यह है कि लोग ट्रेन में भेड़-बकरियों की तरह ठुसे हुए हैं, मगर चेहरों पर कोई शिकन नहीं, सिर्फ भक्ति और उत्साह की चमक है। रेल प्रशासन, किसी श्रद्धालु को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो इसका पूरा-पूरा ख्याल रख रही है। श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर रेल प्रशासन अलर्ट मोड में है रिलवे अधिकारी हो या आरपीएफ सहित सभी विभाग के लोग सजग और तत्पर है।

### रेलवे के इंतजामात भी इस त्योहार पर काफी माकूल

*स्टेशनों पर ऐसा लग रहा मानो जनसागर एक साथ हो*

*हर ओर जय छठी मइया के जयकारों की गूंज हो रही*



### ट्रेनों में सांस लेना हो रहा मुश्किल

रेल प्रशासन एवम सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रात 2 बजे जोगबनी-कटिहार रेलखंड पर एक अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। हर डिब्बे में इतनी भीड़ को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। टिकट का सवाल तो दूर, शायद मुश्किल से 20 प्रतिशत यात्रियों ने ही टिकट लिया हो पर किसी ने किसी को रोकने की कोशिश नहीं की। रेलवे अधिकारी और कर्मचारी स्वयं श्रद्धालुओं की मदद में जुटे देखे जा सकते हैं।

### आस्था और समर्पण का रंग

उत्सव की भावना इतनी प्रबल कि कोई शिकायत नहीं, बस आस्था और समर्पण का रंग चारों ओर बिखरा देखा जा सकता है। श्रद्धालुओं की यही आस्था बताती है कि जब भक्ति का सागर उमड़ता है, तो हर व्यवस्था छोटी पड़ जाती है, पर मइया छठ की महिमा सब पर भारी रहती है। फारबिसगंज रेलवे स्टेशन प्रबंधक मनोज कुमार झा का कहना है कि गंगा स्नान को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमर रही है । दिन-रात हर ट्रेन में बड़े पैमाने पर श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए मनिहारी तक की यात्रा कर रहे हैं।

### अंबाला कैंट स्टेशन के हालात बिगड़े

*अंबाला। त्योहारी सीजन में हर व्यक्ति अपने घर जाकर अपने परिवार के साथ इन त्योहारों को मनाना चाहता है। बस,छठ पूजा का त्योहार सामने है ओर जिसके लिए लोग अपने-अपने काम से अपने अपने घर के लिए रवाना होना शुरू भी हो गए हैं। वहीं हर बार की तरह इस बार भी अंबाला रेल मंडल ने लोगों की इसी सोच को देखते हुए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों यानी कि एक्स्ट्रा ट्रेनें चलाई हैं। बावजूद उसके अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के हालात बद से बदतर हो गए हैं।*

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन**

### 2 दिन में 3.5 लाख अनारक्षितों ने की यात्रा

*गुरुवार को छठ के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के प्रबंधन के लिए रेल प्रशासन 'राउंड-द-क्लॉक' सक्रिय था और लगातार इस तरह की उद्घोषणा कर यात्रियों और सुरक्षाकर्मियों को सचेत कर रहा था।छठ पूजा के अवसर पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। इन्हें संभालने के लिए रेल प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किए थे। बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में जगह पाना लगभग असंभव हो गया था। रेलवे के अनुसार सुबह से रात तक स्टेशन पर करीब 7 लाख मोबाइल डिवाइस सक्रिय रहने का आंकड़ा मिला, यह सामान्य दिनों की तुलना में 4 गुना अधिक है।*

### सुविधा के लिए विशेष इंतजाम

*उत्तरी रेलवे के अधिकारियों का कहना था कि वे भीड़ से निपटने के लिए तैयार थे। स्टेशनों पर लगातार प्लेटफॉर्म की घोषणाएं की जा रही थीं। टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करने के लिए यात्रियों को टिकट वेंडिंग मशीन और एक एप के लिए क्यूआर कोड दिए जा रहे थे। वेटिंग एरिया के आसपास पानी, शौचालय और फोन चार्जिंग की सुविधा भी मुहैया कराई गई थी। प्रवासी मजदूरों की ट्रेनों में चढ़ने की होड़ इतनी ज्यादा थी कि सारी व्यवस्थाएं बौनी साबित हो रही थीं। यात्रियों को जानकारी देने के लिए लगे कर्मी लगाए गए हैं।*

## अमेरिका से डील पर भारत की दो टूक

# हमें कोई भी हड़बड़ी नहीं, बंदूक की नोक पर समझौता नहीं करते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका ट्रेड डील पर बड़ा बयान दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि भारत जल्दबाजी में या सिर पर बंदूक तानकर ० या पा र समझौते नहीं करता। जर्मनी में बर्लिन डायलॉग में उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हमारी बातचीत जारी है. अमेरिका से बात कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में सौदे नहीं करते और न ही समय सीमा तय करके या बंदूक तानकर डील करते हैं। गौर हो कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल इस वार्ता में भाग लेने के लिए बर्लिन में हैं। किसी भी ट्रेड डील को लॉन्ग टर्म नजरिए से देखा जाना चाहिए।



■ टैरिफ से बचने के लिए नए बाजार की खोज

> हम एक फेयर और बेहतरीन डील करेंगे

### राष्ट्रीय हित से कभी समझौता नहीं

*जब गोयल से यह सवाल किया गया कि क्या भारत को शर्तों के अनुसार लॉन्गटर्म फेयर ट्रेड डील मिल रही है तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारत ने कभी भी राष्ट्रीय हित के अलावा किसी अन्य आधार पर यह तय किया है कि उसके मित्र कौन होंगे? और अगर कोई मुझसे कहता है कि आप यूरोपीय संघ के साथ दोस्ती नहीं रह सकते, तो मैं इसे स्वीकार नहीं करूंगा या कोई कल मुझसे कोई कहता है कि मैं केन्या के साथ काम नहीं कर सकता है, यह स्वीकार्य नहीं है। गोयल ने ट्रेड डील को लेकर कहा कि किसी देश के खास उत्पाद को खरीदने का फैसला पूरी तरह से डील करने वाले देश का होता है।*

### शासन का कोई भी कार्य न्यायिक निगरानी के दायरे से बाहर न रहे : जस्टिस सूर्यकांत

**नई दिल्ली।** भारत के अगले सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कॉलेजियम सिस्टम को लेकर अपनी राय रखी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा की न्यायिक नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम सिस्टम काफी अहम है। सूर्यकांत के अनुसार भारतीय न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखने और सरकार की तीनों शाखाओं के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए कॉलेजियम सिस्टम महत्वपूर्ण है। जस्टिस सूर्यकांत ने यह बातें श्रीलंका में कहीं। जब वह 'जीवंत संविधान- भारतीय न्यायपालिका संविधानवाद को कैसे आकार देती है और उसकी रक्षा करती है' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। सूर्यकांत शासन का कोई ने संबोधन के दौरान कहा कि भारत शक्तियों के विभाजन के सिद्धांत के अमल का एक शानदार उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## रेखा सरकार का आदेश

### शराब की दुकानें छोड़कर हर जगह नाइट शिफ्ट कर सकेंगी महिलाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में अब महिलाओं को रात की शिफ्ट में काम करने का अवसर मिलेगा। दिल्ली सरकार के श्रम विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार, महिलाओं की कार्यस्थल पर भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें अब रात की शिफ्ट में भी काम करने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, यह स्पष्ट किया गया है कि शराब की दुकानों पर महिलाएं रात के समय काम नहीं कर सकेंगी।श्रम विभाग की अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी महिला कर्मचारी को रात की शिफ्ट में काम



करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इसके लिए उसकी लिखित सहमति अनिवार्य होगी। विभाग का मानना है कि इस फैसले से महिलाओं की सुरक्षा और अधिकार दोनों पहले से अधिक सुनिश्चित हो पाएंगे।रात की शिफ्ट में कामकाजी महिलाओं की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि राज्य सरकार ने इसके साथ सख्त नियम भी तय किए हैं।

## सब इंस्पेक्टर पर रेप का आरोप

### महाराष्ट्र में महिला डॉक्टर ने दी जान, हथेली पर लिखा सुसाइड नोट

एजेंसी ⏭ सतारा

महाराष्ट्र के सतारा के फाल्टण जिला अस्पताल में गुरुवार रात एक महिला डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली। मृतका का नाम संपदा मुंडे था। अपने हाथ पर लिखे सुसाइड नोट में मुंडे ने लिखा की पुलिस सब इंस्पेक्टर (पीएसआई) गणेश बडने ने 4 बार उनका रेप किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डॉक्टर और जिला पुलिस के बीच एक मेडिकल एक्जामिनेशन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। हथेली पर लिखे नोट में उन्होंने पीएसआई गणेश के अलावा एक और पुलिस कर्मी प्रशांत बांकर पर भी शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। सतारा के



गार्जियन मंत्री शंभूराज देसाई ने जांच का आश्वासन दिया है और कहा है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। मामला समाने आने का बाद अब पुलिन ने पीएसआई गणेश को सस्पेंड कर दिया है। डॉक्टर मुंडे ने इस मामले और पुलिस से हो रही दिक्कत के बारे में पहले भी अपने सीनियर डॉक्टरों से शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि उनके साथ गलत व्यवहार हो रहा है।


## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

**गुरूग्राम (हरियाणा)**

email: deeogurugram@gmail.com

दिए गए कार्यक्रम अनुसार जो जहां है-जैसा है के आधार पर जर्जर भवन/कमरों को तोडने, सल्वेजड मैटीरियल को अधिकार में लाने सहित मौजूदा ढांचे की डिसमंटलिंग सामग्री की स्थल से सफाई के उदेश्य हेतु खण्ड पटौदी जिला गुरुग्राम में निम्नलिखित पुरानी व असुरक्षित ईमारतों/कमरों की नीलामीः-

| क्रमांक | ईमारत का नाम | कमरों की संख्या | अनुमानित लागत | लोकेशन | नीलामी की तिथि, समय, स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GMSPS Kadipur | 08 | 404000/- | GMSPS Kadipur | स्थानः- GMSPS Kadipur दिनांकः- 07.11 .2025 समयः 11:00 बजे प्रातः |

1. प्रत्येक बोलीदाता को अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बैंकड्राफ्ट के रुप में 25000रु की राशि बोली के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए जमा करवानी होगी जो सफल बोली दाता को छोड़कर नीलामी की समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
2. सफल बोलीदाता को बोली राशि 100 प्रतिशत हथोड़ा गिरते ही जमा करवानी होगी। असफल रहने पर जमा करवाई गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. सफल बोलीदाता को कुल बोली का 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में ड्राफ्ट के रुप में जमा करवानी होगी जो कार्य समाप्ति पर वापिस कर दी जाएगी।
4. ईमारत अनुमोदन जारी के एक माह में ईमारत तोड़ी जानी चाहिए तथा स्थल मलबा रहित होना चाहिए जिसके असफल रहने पर शेष साल्वेज्ड पर सरकार द्वारा कब्जा ले लिया जाएगा।
5. पार्टियों के मध्य किसी भी विवाद की स्थिती में न्यायिक क्षेत्राधिकार गुरुग्राम रहेगा।
6. अगर अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण डिसमेंटलिंग के लिए ईमारत का कब्जा समय में नहीं दिया है तो ठेकेदार को कोई राहत नहीं दी जाएगी।

नोटः- बोली दाता बोली व नीलामी होने से पहले स्थल (विद्यालयों की असुरक्षित ईमारतो/कमरों) को देख सकते हैं।

हस्ता/-जिला मौलिक शिक्षा अधिकार, गुरुग्राम।

पीआरडीएच 1132/11/93/2026/39704/88/6 दि. 24.10.2025

## चिंतन

# भारत ने अमेरिका को दे दिया दो टूक जवाब

कौन भूल सकता है उन दिनों को जब भारत को भिखारियों, सपेरों और काले जादू का देश कहा जाता था। 1947 में आजादी के बाद उपनिवेश की परछाई से निकल कर दुनिया में एक अलग हैसियत हासिल करने के लिए लंबे संघर्ष, कड़ी मेहनत और बड़े हौसले की एक खास कहानी है। वो समय था जब भारत के बारे में भविष्यवाणी की गई थी कि इसका ढहना तय है, वह आज ग्लोबल जियो और इकोनॉमिक पॉलिटिक्स का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। वो अब दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। आजादी के समय 2.7 लाख करोड़ रुपये वाली जीडीपी अब चार ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन चुकी है। जिस विशाल आबादी को बोझ समझा जा रहा था, उसी की बदौलत तरक्की की ऐसी रफ्तार मिली, जो कोरोना महामारी और युद्धों के बीच भी थमी नहीं। महामारी के दौरान पूरी दुनिया हमारी दवाओं पर निर्भर थी। देश की विकास यात्रा की कहानी बताने वाले आंकड़ों को देखकर दुनिया हैरान है। विश्व में सबसे तेज विकास दर, ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 फीसदी का योगदान। आयात से आत्मनिर्भरता और निर्यात की ओर बढ़ते कदम। पिछले एक दशक में एक्सपोर्ट में 76 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि और सर्विस एक्सपोर्ट करीब दोगुना। इंजीनियरिंग के सामानों, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाओं या खाने-पीने तक ही नहीं अब दूसरे देश हमसे हथियार भी खरीद रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 80 देशों को 2.76 बिलियन डॉलर के हथियार बेचे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय हथियारों की ताकत दिखाई है। उससे भी बड़ा बदलाव आया है। अनेक देश हमारे हथियारों को पाने को लालायित हैं। हालात ये हैं कि सभी वैश्विक मंचों पर हमारी बात को न केवल गंभीरता से सुना जाता है बल्कि अमल किया है। भारत का रुख दुनिया पर असर डालने वाले भू-राजनीतिक मुद्दों की दिशा तय करने की ताकत रखता है। जो देश 2047 तक विकसित मुल्कों की कतार में खड़ा होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा हो और कोई चाहे कि उसे डराकर, धमकाकर झुकाया जा सकता है तो ये कोरे पागलपन के अलावा कुछ नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसका दो टूक जवाब भी दे दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत पर कोई भी देश, खासकर अमेरिका, व्यापारिक समझौते के लिए दबाव नहीं बना सकता। हम बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन किसी भी डेडलाइन या दबाव में निर्णय नहीं होगा। गोयल ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में कहा कि हम अमेरिका से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में सौदे नहीं करते और न ही किसी के सिर पर बंदूक रखकर डील करते हैं। भारत की नीति दीर्घकालिक सोच पर आधारित है, न कि क्षणिक दबाव पर। भारत लंबी सोच रखता है। हम किसी दबाव या जल्दबाजी में निर्णय नहीं लेते। अगर हम पर टैरिफ लगाया गया है तो हम उससे निपटने के नए तरीके ढूंढ रहे हैं। नए बाजार तलाश रहे हैं। केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ट्रंप लगातार बोल रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ऐसा कुछ नहीं है। भारत ने अमेरिकी टैरिफ से निपटने के उपाय कर लिए हैं। अब वो भारत नहीं है, जिसे किसी तरह के दबाव में झुकाया जा सके। नया भारत अपनी राह खुद बना रहा है, वो अपने फैसले भी खुद करेगा। अब ये दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है, जो अपनी शर्तों पर चलता है। कोई सात समंदर दूर बैठकर इसे डरा-धमका नहीं सकता।



दृष्टिपात
अरविंद जयतिलक

# राष्ट्रसेवा के शताब्दी वर्ष में आरएसएस

**आरएसएस के सौ साल की यात्रा पर दृष्टिपात करें तो उसकी भूमिका और व्यापकता की सार्थकता जितना स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण की रही है, उतना ही स्वतंत्रता के उपरांत भारत राष्ट्र को गढ़ने को लेकर रही है। आजादी दिलाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अहम भूमिका रही है। आजादी की जंग के दौरान संघ के संस्थापक डा. केशव राव बलिराम हेडगवार ने हर एक स्वयंसेवक को शाखा के बाद किसी भी पार्टी से जुड़कर आजादी की लड़ाई में योगदान करने को प्रेरित किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य संपूर्ण समाज को संगठित कर हिंदू जीवन दर्शन के प्रकाश में समाज का सर्वांगीण विकास करना है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपना शताब्दी वर्ष पूरा कर चुका है। अपने सौ वर्ष के कालखंड में आरएसएस ने भारत राष्ट्र की महान सेवा की है। सेवा-समर्पण की उसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी यात्रा रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है कि विश्व इतिहास में शायद ही कोई ऐसा संगठन हो जिसकी सांस्कृतिक चेतना इतनी विशाल और मानवतावादी हो। अपने सौ साल की यात्रा में आरएसएस ने साबित किया है कि उसका दृष्टिकोण जितना राष्ट्रवादी है, उतना ही मानवातावादी भी। उसकी चेतना के दायरे में सिर्फ भारत राष्ट्र ही नहीं बल्कि समस्त विश्व भी है जिसे वह अपना कुटुम्ब समझता है। आरएसएस के सौ साल की यात्रा पर दृष्टिपात करें तो उसकी भूमिका और व्यापकता की सार्थकता जितना स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण की रही है, उतना ही स्वतंत्रता के उपरांत भारत राष्ट्र को गढ़ने को लेकर रही है। आजादी दिलाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अहम भूमिका रही है। आजादी की जंग के दौरान संघ के संस्थापक डा. केशव राव बलिराम हेडगवार ने हर एक स्वयंसेवक को शाखा के बाद किसी भी पार्टी से जुड़कर आजादी की लड़ाई में योगदान करने को प्रेरित किया था। जब 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरु हुआ तब उन्होंने इसे संपूर्ण समर्थन दिया और स्वयं सत्याग्रह में भाग लेकर 9 मास का सश्रम कारावास काटा। उनके निर्देश पर संघ के स्वयंसेवक आजादी की लड़ाई के संवाहक बने और ब्रिटिश हुकुमत की बर्बरता को सहा भी। डा0 साहब के सिद्धांतों पर चलते हुए संघ के दूसरे सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जिन्हें गुरुजी भी कहा जाता है, ने भी स्वयंसेवकों को जंग में कूद पड़ने के लिए आह्नान किया।

उन्होंने 1942 में संघ के एक कार्यक्रम में कहा भी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत छोड़ो आंदोलन का सहभागी है। जब कांग्रेस के नेता गिरफ्तार कर लिए गए और आंदोलन भटकाव के मोड़ पर आ गया उस दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने ब्रिटिश हुकुमत की क्रूरता की परवाह किए बिना आंदोलन की कमान अपने हाथों में ले लिया। यही नहीं, संघ के स्वयंसेवक विदर्भ क्षेत्र के कई जिलों में अंग्रेजी हूकुमत को उखाड़ फेंका। 1942 के आंदोलन की सहभागी रही अरुणा आसफ अली ने तब दैनिक समाचार पत्र हिंदुस्तान को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा भी कि आंदोलन के दिशाहीन होने पर दिल्ली के संघ के प्रांत संघचालक हंसराज गुप्ता ने अपने घर में मुझे शरण दी और सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया। देश जानना चाहता है कि फिर धर्मनिरपेक्षता के ठेकेदार किस मुंह से आजादी की जंग में राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ की अप्रतिम भूमिका की अनदेखी कर रहे हैं? जानना आवश्यक है कि संघ के स्वयंसेवकों ने अक्तुबर 1947 से ही कश्मीर सीमा पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों पर बगैर किसी प्रशिक्षण के लगातार नजर रखी। यह काम न तो नेहरु-माउंटबेटन सरकार कर रही थी और न ही हरि सिंह की सरकार। जब पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर पर कबायली आक्रमण किया तब भारतीय सैनिकों के साथ सैकड़ों स्वयंसवेकों ने भी अपनी शहादत दी। यह तथ्य है कि कश्मीर के महाराजा हरि सिंह कश्मीर का भारत में विलय को लेकर असमंजस में थे। तब सरदार पटेल ने गुरु गोलवरकर से



मदद मांगी। गुरुजी कश्मीर के महाराजा से मिले और उसके बाद ही महाराजा ने कश्मीर के भारत में विलय का प्रस्ताव दिल्ली भेजा। जब भारत विभाजन के दंगे भड़के और नेहरु सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी थी उस दौरान स्वयंसेवकों ने पाकिस्तान से जान बचाकर आए लाखों शरणार्थियों के लिए शिविर लगाए।

बेहतर होगा कि संघ के आलोचक इस सच्चाई को समझें कि राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ एक राष्ट्रवादी सामाजिक संगठन है और अपनी स्थापना 27 सितंबर, 1925 से ही भारतवर्ष की सेवा कर रहा है और अपने राष्ट्रवादी विचारों से भारत को पुष्ट कर रहा है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी 40 हजार से अधिक शाखाओं के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक जिले में सामाजिक व सांस्कृतिक कार्य कर रहा है। जंगल झाड़ में रह रहे आदिवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक उद्वार के लिए कार्य कर रहा है। संघ के लाखों स्वयंसेवक उपेक्षा, उपहास, विरोध और अवरोध के बावजूद भी अपने सामाजिक-सांस्कृतिक लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। हर देश का समाज राष्ट्र की उन्नति के लिए कुछ व्यवस्थाएं खड़ी करता है। सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों को जन्म देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी उसी तरह एक देशव्यापी देशभक्त, अनुशासित चरित्रवान व निःस्वार्थ सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन है। उसकी शाखाएं राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है जहां स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय व सामाजिक गुणों से लैस किया जाता है। संघ के अनेकों संगठन मसलन सेवा भारती, विद्या भारती, स्वदेशी जागरण मंच, हिंदू स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय किसान संघ अपने कार्यों से देश की रचनात्मक विकास में योगदान दे रहे हैं। सच तो यह है कि संघ की उपस्थिति और उसकी भूमिका भारतीय समाज के हर क्षेत्र में 1925 से ही महसूस किया जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर सन् 1962 के भारत-चीन युद्ध में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु संघ की भूमिका से इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने संघ को 1963 के गणतंत्र दिवस की परेड में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। सिर्फ दो दिनों की पूर्व सूचना पर तीन हजार से भी ज्यादा राष्ट्रभक्त स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में वहां उपस्थित हो गए। पाकिस्तान से युद्ध के समय लालबहादुर शास्त्री को भी संघ याद आया था। उन्होंने संघ से आग्रह किया कि कानून व्यवस्था संभालने में मदद करे और दिल्ली की यातायात का नियंत्रण अपने हाथ में ले। यही नहीं, घायल जवानों को जब रक्त की जरूरत पड़ी स्वयंसेवक आगे बढ़कर रक्तदान किए। भारत-पाक युद्ध के दौरान संघ के स्वयंसेवक कश्मीर की हवाई पट्टियों से बर्फ हटाने का काम किए। आरएसएस को लेकर गांधी जी की सोच व्यापक सकारात्मक और श्रद्धापूर्ण थी। गौर करें तो इन 100 सालों में संघ अपने ऊपर लगने वाले आरोपों को झूठा साबित करने में सफल रहा है। संघ के इतिहास और विचारधारा पर फब्तियां कसने वाले लोगों को जानना चाहिए कि संघ के संस्थापक डा. केबी हेडगेवार उन गिने-चुने क्रांतिकारियों में से एक थे, जिन्होंने तत्कालीन ब्रिटिश शासन से भारत की मुक्ति के लिए संघर्ष किया। आजादी के दौरान या बाद कभी भी कोई ऐसा पुख्ता सुबूत देखने को नहीं मिला, जिसको लेकर यह दावा किया जाए कि संघ का आचरण राष्ट्रहित के खिलाफ रहा है। समाजवाद का ठेका उठा रखे छद्म समाजवादियों को भी ज्ञात होना चाहिए कि 1966 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कठिन परिश्रम और कार्यकुशलता के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भरपूर तारीफ की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य संपूर्ण समाज को संगठित कर हिंदू जीवन दर्शन के प्रकाश में समाज का सर्वांगीण विकास करना है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. विवेक बाल्याण




# जम्मू-कश्मीर के अधिमिलन से स्वतंत्र भारत को मिला आकार

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की गाथा केवल अंग्रेज़ों के विरुद्ध संघर्ष तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें उन सैकड़ों रियासतों का योगदान भी शामिल है जिन्होंने स्वतंत्र भारत के भविष्य को आकार दिया। इनमें सबसे संवेदनशील और निर्णायक अध्याय रहा-जम्मू-कश्मीर रियासत के भारत में अधिमिलन का। ब्रिटिश संसद ने 18 जुलाई 1947 को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया, जिसके अनुसार 15 अगस्त 1947 से भारत और पाकिस्तान दो नए डोमिनियन बने। इस अधिनियम के अनुसार 562 रियासतों को यह अधिकार दिया कि वे चाहें तो भारत या पाकिस्तान में विलय कर सकती हैं । अधिकांश रियासतों ने सहज रूप से भारत का अंग बनने का निर्णय लिया, लेकिन जम्मू कश्मीर का मामला जटिल और विवादास्पद बना दिया गया। जम्मू कश्मीर की भौगोलिक स्थिति, सामरिक महत्व, मुस्लिम बहुल जनसंख्या और हिंदू शासक की उपस्थिति, इन सबने इसे ब्रिटिशों की "डिवाइड एंड रूल" नीति का केंद्र बना दिया। महाराजा हरि सिंह को धार्मिक असमानता के कारण अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा गया, जबकि उन्होंने कभी अपनी प्रजा के साथ भेदभाव नहीं किया। जम्मू-कश्मीर के अंतिम डोंगर शासक महाराजा हरि सिंह कभी भी स्वतंत्र रहना नहीं चाहते थे। वे भारत की प्रगति में सहभागी बनना चाहते थे और अपनी रियासत का सुरक्षित और उज्जवल भविष्य भारत के साथ ही देखते थे। किंतु कुछ पाकिस्तान समर्थक ताकतों और शेख अब्दुल्ला के 'कश्मीर छोड़ो' आंदोलन ने स्थिति को कठिन बना दिया। इस आंदोलन के चलते राज्य में अराजकता फैली और शांति व्यवस्था भंग हुई। शेख अब्दुल्ला का आंदोलन कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा भी समर्थन प्राप्त कर रहा था। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता अब्दुल्ला को ब्रिटिशों से स्वतंत्रता नहीं, बल्कि राजशाही से सत्ता छीननी थी। आंदोलन असफल रहा, और अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर तीन साल की सजा दी गई। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का शेख अब्दुल्ला के प्रति झुकाव किसी से छिपा नहीं था। जब अब्दुल्ला जेल में थे, नेहरू ने महाराजा पर दबाव बनाया कि उन्हें रिहा किया जाए और सत्ता सौंपी जाए। उन्होंने यहां तक कहा कि भारत तभी जम्मू-कश्मीर का अधिमिलन स्वीकार करेगा, जब शेख अब्दुल्ला को सत्ता दी जाएगी। इतिहासकारों का मानना है कि यह शर्त पूरी तरह अनुचित थी। महाराजा हरि सिंह उस समय पाकिस्तान समर्थित जनजातीय आक्रमणों के खतरे से जूझ रहे थे। मगर नेहरू की जिद के चलते अधिमिलन का निर्णय विलंबित हुआ और पाकिस्तान को मौका मिल गया कि वह जम्मू-कश्मीर पर हमला कर सके और हुआ भी वैसे ही। 22 अक्टूबर 1947 को पाकिस्तानी सेना ने कबायलीयों के रूप में जम्मू कश्मीर के मुज़फ्फरबाद से सीमा पार की और श्रीनगर तक पहुँचने लगे। इस गंभीर स्थिति में गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने निर्णायक भूमिका निभाई। वे पहले से ही सभी रियासतों के भारत में एकीकरण की प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने महाराजा हरि सिंह को स्पष्ट संदेश भेजा-"जम्मू-कश्मीर का भविष्य भारत के साथ है, और भारत आपकी हर संभव सहायता करेगा।" अंततः 26 अक्टूबर 1947 को महाराजा हरि सिंह ने भारत सरकार को सहायता के लिए पत्र लिखा और 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ़ एक्सेशन' (अधिमिलन पत्र) पर हस्ताक्षर किए। अगले ही दिन, 27 अक्टूबर 1947 को गवर्नर-जनरल लॉर्ड माउंटबैटन ने इसे स्वीकार किया और भारतीय सेना को श्रीनगर भेजा गया। बड़गाम की लड़ाई में भारतीय सेना ने आक्रमणकारियों को पीछे धकेला। इस प्रकार जम्मू-कश्मीर कानूनी, संवैधानिक और सैन्य रूप से भारत का अभिन्न अंग बन गया। हालाँकि अधिमिलन पूर्ण और वैध था, लेकिन बाद की राजनीति ने हालात को जटिल बना दिया। शेख अब्दुल्ला और नेहरू के संबंधों के चलते भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 लागू हुआ, जिसने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण में बाधा पैदा करना का काम किया। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में भारत का संविधान पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाया और अलगाववादी सोच को बढ़ावा मिला। 26 अक्टूबर 1947 का यह ऐतिहासिक निर्णय हमें याद दिलाता है कि जब राष्ट्रहित सर्वोपरि हो और नेतृत्व दृढ़ संकल्पित हो, तब कोई शक्ति भारत की एकता को तोड़ नहीं सकती। आज जब जम्मू-कश्मीर नई दिशा में बढ़ रहा है, तब यह स्वीकार करना ही होगा कि सत्य वही था जिसे महाराजा हरि सिंह और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दशकों पहले पहचाना था। इसलिए 26 अक्टूबर के ऐतिहासिक दिन को याद रखना आज भी अत्यंत आवश्यक है और इसे जम्मू-कश्मीर दिवस कहा जाना उतना ही उचित होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें।

राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हादसों पर चिंता नहीं, चिंतन की जरूरत

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, बहुत ही बड़ी चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में वर्ष 2022 में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इसमें लगभग 1 लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है। इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न! – **संजय यदु**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

### कनाडा पोस्ट का जश्न मनाने दिवाली पर डाक टिकट जारी

'कनाडा पोस्ट' ने देश के बहुसांस्कृतिक ताने–बाने का जश्न मनाने के लिए दिवाली की थीम पर आधारित एक नया डाक टिकट जारी किया है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में दिवाली के उपलक्ष्य में पारंपरिक रंगोली वाला डाक टिकट जारी करने के लिए 'कनाडा पोस्ट' का आभार जताया। 'कनाडा' पोस्ट ने एक बयान में कहा, "दीपावली न सिर्फ कनाडा, बल्कि दुनियाभर में हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैनियों और अन्य समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्योहार है तथा इस अवसर पर देश की सांस्कृतिक विविधता को मान्यता देते हुए एक डाक टिकट जारी कर हमें गर्व महसूस हो रहा है।" बयान में रंगोली के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए इन्हें रचनात्मकता की अभिव्यक्ति और स्वागत का शानदार जरिया बताया गया है। इसमें कहा गया है, "रंगोली कला का सुंदर नमूना है। दिवाली पर अक्सर अनाज, फूलों की पंखुड़ियों, रंगीन रेत या चावल की मदद से कमरों, आंगन और प्रवेश द्वार पर सुंदर रंगोली उकेरी जाती है।" 'कनाडा पोस्ट' देश की प्रमुख डाक सेवा प्रदाता कंपनी है। यह 2017 से हर साल दिवाली की थीम पर आधारित डाक टिकट जारी करती आई है। 2025 में जारी डाक टिकट को भारतीय मूल की रितु कनाल ने तैयार किया है।




## ऑफ बीट

### शिकार को अलग तरीके से डसते हैं जहरीले सांप

जहरीले सांप छह करोड़ से अधिक वर्षों से धरती पर विचरण करते रहे हैं। इन प्राचीन जीवों के इतने लंबे समय तक अपना अस्तित्व बनाए रखने में सफल होने का श्रेय कुछ हद तक शिकार के भागने से पहले ही उसे आश्चर्यजनक गति से डसने की इनकी क्षमता को भी जाता है। अब एक नया अध्ययन इस बात पर विस्तार से प्रकाश डालता है कि सांप अपने शिकार को किस तरह निशाना बनाते हैं। धरती पर सांप की अनुमानित चार हजार नस्लें हैं, जिनमें से लगभग 600 जहरीली हैं। हालांकि, सांप के डसने के तरीके का विश्लेषण करने वाले ज्यादातर हालिया अध्ययनों का दायरा कुछ कारकों के कारण सीमित रहा है। पहला, इनमें सांप के डसने के तरीके को रिकॉर्ड करने के लिए सिर्फ एक कैमरे का इस्तेमाल किया गया है। इसका मतलब यह है कि हमें सिर्फ एक दिशा का दृश्य मिलता है, जबकि सांप सभी दिशा में रेंग सकते हैं। दूसरा, ज्यादातर वीडियो अपेक्षाकृत निम्न गुणवत्ता के हैं, जिसकी मुख्य वजह यह है कि इन्हें ऐसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड किया गया, जहां रोशनी का स्तर काफी कम था। तीसरा, वीडियो रिकॉर्डिंग आम तौर पर सांप की किसी एक नस्ल या सीमित नस्लों पर केंद्रित रही है। इसका मतलब यह है कि हम यह जानने से चूक जाते हैं कि कई अन्य नस्लें कैसे अलग तरह से व्यवहार कर सकती हैं या अधिक रफ्तार से हमला कर सकती हैं।




## ट्रेंड

### छठ महापर्व की शुभकामनाएं



छठ महापर्व आस्था व परंपरा के साथ-साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम उत्सव है। एक जिला-एक नदी के अंतर्गत सरकार नदियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयत्नशील है। आइए, छठ पर नदियों-घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प लें। छठ महापर्व की सभी को शुभकामनाएं।
- **योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### निर्दोष लोगों की मृत्यु दुःखद



हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर बस में आग लगने से कई निर्दोष लोगों की मृत्यु अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। इस त्रासदी में जान गंवाने वाले यात्रियों के शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।
- **राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कला क्षेत्र में अपूरणीय क्षति



एड जगत को नया आयाम देने वाले पीयूष पांडे के निधन की खबर से स्तब्ध हूँ। उन्होंने हमेशा अपनी कला एवं रचना के माध्यम से सभी के दिलों पर राज किया। उनके जाने से कला क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।
- **देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### अस्तित्वगत बदलाव



एआई सब कुछ बदल देगा। यह हमारे जीने के तरीके, काम करने के तरीके और संवाद करने के तरीके में एक अस्तित्वगत बदलाव है। लेकिन यह हमारे खुद को संरचनाओं में व्यवस्थित करने के तरीके में भी एक पूर्ण परिवर्तन है।
- **शेखर कपूर, फिल्मकार**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# विश्वकप में स्मृति-प्रतीका की जोड़ी का कमाल, पहले विकेट के लिए जोड़े रिकॉर्ड 212 रन

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल को एक साथ आए हुए एक साल भी नहीं हुआ है, लेकिन उन्होंने शीर्ष क्रम में बेहद सफल जोड़ी बनाई है। इन दोनों ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़कर पहले विकेट के लिए 212 रन की रिकार्ड साझेदारी की, जिससे भारत ने यह मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से 53 रन से जीत कर महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पिछले वर्ष दिसंबर में जोड़ी बनाने के बाद से यह उनकी सातवीं तथा 2025 में पांचवीं शतकीय साझेदारी थी। मंधाना के 95 गेंदों में 105 रन और रावल के 134 गेंदों में 122 रन की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 340 रन का विशाल स्कोर बनाया, जो इस विश्व कप में किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इस जोड़ी ने अब तक 23 पारियों में 1,799 रन जोड़े हैं।

**जोड़ी बनाने के बाद से मंधाना-रावल की सातवीं तथा 2025 में पांचवीं शतकीय साझेदारी**

**स्मृति और प्रतीका ने 23 पारियों में जोड़े 1,799 रन**

### हमारी बातचीत गणना पर आधारित

*रावल ने कहा कि उन दोनों के बीच अच्छी समझ है, जिससे कि वह बड़ी साझेदारी निभाने में सफल रही हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे बीच सहज बातचीत होती है। वह मुझे वह करने देती हैं, जो मेरा मजबूत पक्ष है और मैं उसमें हस्तक्षेप नहीं करती, जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ हैं।' उन्होंने कहा, 'जब हम बल्लेबाजी करते हैं तो पूरी बातचीत गणना पर आधारित होती है। हमारी बातचीत इसी पर आधारित होती है कि हमें बड़ा स्कोर बनाने के लिए कितने रन बनाने होंगे। अगर हम लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो हमारी बातचीत इस पर आधारित होती है ताकि हम आसानी से लक्ष्य का पीछा कर सकें।' रावल ने कहा, 'वह गणना करने में बहुत अच्छी है और वह जो भी मुझसे कहती है, मैं उसमें शामिल होना पसंद करती हूं। हम दोनों को सहजता के साथ आगे बढ़ना पसंद है।'*







### हम सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया

*प्रतीका ने कहा, 'हम यह चर्चा इसलिए कर रहे थे ताकि हमें खुद पर विश्वास हो कि हम किसी भी समय मैच जीत सकते हैं और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं, मैच विजेता खिलाड़ी, जो बड़ी पारी खेल सकते हैं और विकेट ले सकते हैं।' रावल ने कहा, 'दुर्भाग्य से हम तीन मैच हार गए, लेकिन हमने उन मैचों में भी शानदार प्रदर्शन किया। यह (जीत) हमें मिलनी ही थी और मुझे बहुत खुशी है कि हम सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और हम मैच जीतने में सफल रहे।' रावल ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष की उंगली में लगी चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा, 'ऋचा बिल्कुल ठीक हैं। दुर्भाग्य से मैच के दौरान उसकी उंगली में चोट लग गई। लेकिन यह चोट गंभीर नहीं है।'*

## ऑस्ट्रेलिया की धरती में कोहली और रोहित का होगा आखिरी मैच

# 41 साल बाद टीम इंडिया पर मंडराया क्लीन स्वीप का खतरा, आज सिडनी में आखिरी वनडे

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर टीम इंडिया अब अंतिम वनडे मैच सिडनी के मैदान में 25 अक्टूबर को खेलेगी। तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मैच में हार के साथ टीम इंडिया सीरीज गंवा चुकी है। इसके चलते टीम इंडिया पर 41 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। भारत को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो सिडनी मे हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। वहीं विराट कोहली और रोहित शर्मा शनिवार को जब तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेलने के लिए उतरेंगे तो भावनाओं का ज्वार अपने चरम पर हो सकता है क्योंकि यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इन दोनों का संभवतः अंतिम मैच होगा।

### गिल-गंभीर के नाम जुड़ सकता है शर्मनाक रिकॉर्ड?

शुभमन गिल की कप्तानी और गौतम गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया पहली बार ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर वनडे सीरीज खेल रहे हैं। गिल की वनडे कप्तानी का आगाज खराब रहा और उनको अपने करियर की पहली सीरीज में हार मिली। इसके बाद अब गिल के नाम एक बड़ा कलंक ये लग सकता है कि टीम इंडिया पिछले 41 साल में अभी तक किसी भी वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से क्लीन स्वीप नहीं झेली है। अगर सिडनी में ऐसा होता है तो गिल और गंभीर की जोड़ी के नाम ये शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ जाएगा।

### पिछली बार 1984 में हुआ था क्लीन स्वीप

पिछली बार साल 1984 में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को पांच मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से हराकर उसका क्लीन स्वीप किया था। उस समय टीम इंडिया की कप्तानी सुनील गावस्कर के पास थी। अब गिल की टीम इंडिया हारती है तो गावस्कर के साथ गिल का नाम भी इस शर्मनाक क्लब में जुड़ जाएगा।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा**

### आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में नहीं

यह मैच इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गौतम गंभीर की कोचिंग वाली भारतीय टीम 0-3 से क्लीन स्वीप से बचना चाहती है लेकिन आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में नहीं हैं। उसने यहां, जो पिछले पांच वनडे मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में जीत मिली है। कप्तान शुभमन गिल और कोहली दोनों से बड़ी पारी दरकार है और गंभीर को अंतिम मैच में दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।पिछले दो मैचों में बुरी तरह से पराजित होने वाली भारतीय टीम गेंदबाजी के अपने संसाधनों के साथ समझौता करने की कीमत पर बल्लेबाजी को मजबूत करने की अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना चाहेगी क्योंकि कुलदीप यादव जैसे मैच विजेता खिलाड़ी को नजरअंदाज करना टीम के लिए अभी तक अच्छा साबित नहीं हुआ है।




### सिडनी में मात्र दो मैच जीती टीम इंडिया

*भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतिम वनडे मैच 25 अक्टूबर को सिडनी के मैदान में खेला जाना है। इस मैदान पर दोनों टीमों के बीच अभी तक 19 वनडे मैच खेले जा चुके हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने 16 वनडे जीते तो टीम इंडिया के नाम इस मैदान में सिर्फ दो जीत दर्ज है। इस लिहाज से ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।*

### ओवेन और कोनोली ने दिया कौशल का परिचय

*जहां तक ऑस्ट्रेलियाई टीम का सवाल है, तो साफ नजर आता है कि उसने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल ओवेन और कूपर कोनोली जैसे खिलाड़ियों ने दबाव वाली परिस्थितियों में सही रणनीति तैयार करने और उस पर अमल करने के अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस मैच के लिए मैट कुहनेमैन को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है, जिन्होंने पहले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी।*

### टीमें इस प्रकार

*भारत : शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।*

*ऑस्ट्रेलिया: मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स केरी (विकेट कीपर), जोस इंग्लिस (विकेट कीपर), कूपर कोनोली, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जैक एडवर्ड्स, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा, मैट कुहनेमैन।*

# भारत की बेटियों का दबदबा, क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य, दीक्षा और शाइना

एजेंसी ▶▶ चेंगदू (चीन)

**चेंगदू (चीन)।** भारत की लक्ष्य राजेश, दीक्षा सुधाकर और शाइना मणिमुथु ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा ने चीनी ताइपे की पिन हुआन चियांग को 21-19, 21-15 से हराकर अंडर-17 वर्ग के अंतिम आठ में प्रवेश किया। लक्ष्य ने कोरिया की ली युन सेओ को 21-16, 21-11 से हराकर अंडर-17 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना ने अंडर-15 प्री-क्वार्टर फाइनल में दबदबा कायम करते हुए चीन की ली मान लिन को 21-17, 21-16 से हराया।



### अदिति और वृद्धि ने कोरियाई जोड़ी को हराया

*अदिति दीपक राज और बीवी पोन्नम्मा वृद्धि ने लड़कियों के युगल वर्ग में शुरुआती गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए कोरिया की ली युन सेओ और पार्क यू जियोंग की जोड़ी को 17-21, 21-15, 21-17 से मात दी। चरण राम थिप्पाना और हरि कृष्ण वीरमरेड्डी ने लड़कों के युगल वर्ग में जापान के कोसुके शिनोहारा और हिरोतो नाकात्सुका पर 21-14, 21-8 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। जगशेर सिंह खंगुरा ने एकल वर्ग में मलेशिया के विंसन चोह को 21-12, 21-17 से आसानी से हराया। वजीर सिंह सिंह अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग के बेहद रोमांचक मुकाबले में इंडोनेशिया के सातवें वरीय रेवन एड्रिलियो सपुत्रा से 19-21, 22-20, 22-24 से हारकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।*

## चीन दौरे में भारतीय हॉकी टीम ने दिखाया दम

**नई दिल्ली।** भारत की पुरुष और महिला 'ए' हॉकी टीमों ने हाल में प्रतिस्पर्धी स्थानीय टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन और बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करते हुए चीन के अपने अंतरराष्ट्रीय दौरे का शानदार समापन किया। भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने 12 से 18 अक्टूबर तक जिआंगसु प्रांत के चांगझोउ शहर में गांसु क्लब के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेली और अपने सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। पुरुष टीम ने श्रृंखला की शुरुआत 7-0 की जीत के साथ की और उसके बाद 2-1 से जीत हासिल की। अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए मेहमान टीम ने तीसरे मैच में 8-0 से जीत हासिल की।

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 24/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन घरौंडा में प्रथम एच-पोल्स के तहत पेवर ब्लॉक्स का प्रावधान, बंद होने की तिथि 29.10.2025 खुलने की तिथि 30.10.2025 | www.uhbvn.org.in | 9356063248 [illegible] |
| 2 | यूएचबीवीएन | 46/2025-26/HEWP | राजीव गांधी विद्युत सदन, सेक्टर-12, करनाल में क्रेचे का प्रावधान। बंद होने की तिथि 29.10.2025 खुलने की तिथि 30.10.2025 | www.uhbvn.org.in | 9356063248 [illegible] |
| 3 | यूएचबीवीएन | 50/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन, 132 केवी सब स्टेशन अमिन, (कुरुक्षेत्र), बादसों और किरमच (करनाल) में प्रथम एच-पोल्स के नीचे इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का प्रावधान। बंद होने की तिथि 29.10.2025 खुलने की तिथि 30.10.2025 | www.uhbvn.org.in | 9356063248 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/39707/I/88/6 दि. 24.10.25

## जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी पाकिस्तानी हॉकी टीम




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने नवंबर-दिसंबर में भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से नाम वापस ले लिया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने इसकी पुष्टि की। एफआईएच ने कहा कि 28 नवंबर से 28 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। एफआईएच ने कहा, 'हम पुष्टि कर सकते हैं कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचित कर दिया है कि उनकी टीम भारत के तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था।' इस प्रतियोगिता के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## बारिश के कारण श्रीलंका और पाक के बीच महिला विश्व कप मैच रद्द

भाषा ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला विश्व कप मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस मैदान पर 11 मैच में यह पांचवां मैच है जो बारिश के कारण बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ है जिससे टूर्नामेंट की योजना पर सवाल उठ रहे हैं। बारिश रूकने के बाद टॉस हुआ और उसके बाद पाकिस्तान ने 4.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 18 रन बना लिए थे। इसके बाद फिर बारिश आ गई। इससे पहले बारिश के कारण टॉस में तीन घंटे से ज्यादा की देरी के बाद मैच 34-34 ओवर का कर दिया गया था। यह हैरानी की बात नहीं है कि इस समय पूर्वोत्तर मानसून इस क्षेत्र में दस्तक देता है, फिर भी आयोजक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही चले जिससे टीमों और प्रशंसकों को मौसम की मार झेलनी पड़ी। रद्द हुए मैचों ने श्रीलंका की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी प्रभावित किया क्योंकि मेजबान टीम एक जीत, तीन हार और बारिश के कारण तीन रद्द मैचों से पांच अंक लेकर आठ टीमों की तालिका में पांचवें स्थान पर रही।

## पीएसएल ने सरेआम फाड़ा पीसीबी का नोटिस

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) की फ्रेंचाइजी मुल्तान सुल्तांस के मालिक अली तरीन ने एक रिकॉर्डेड वीडियो में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के उन्हें भेजे कानूनी नोटिस को फाड़ दिया, जिसमें उनकी टीम का अनुबंध समाप्त करने की धमकी दी गई थी। अली तरीन और पीसीबी के बीच विवाद अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 400 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल धानौंदा में सभी 3 अदद 315 एमवीए 400/220 केवी आईसीटीएस पर स्थापित अग्नि-शमन प्रणाली (अर्थात फायर हाइड्रेंट) की मरम्मत, रखरखाव और ओवरहोलिंग। | 23.10.2025 24.11.2025 | रु. 49,36,706/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | विभिन्न प्रकार के 33 केवी सी एंड आर पैनल्स की अधिप्राप्ति (एसएएस सहित और एसएएस रहित) (पंचकूला)। | 23.10.2025 22.11.2025 | रु. 22,29,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | विभिन्न प्रकार के 132/66 केवी सी एंड आर पैनल्स की अधिप्राप्ति (एसएएस सहित और रहित) (पंचकूला)। | 24.10.2025 23.11.2025 | रु. 37,44,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | हॉट ट्रांसफॉर्मर के तौर पर 220 केवी सब स्टेशन चोरमार में अतिरिक्त 100 एमवीए 220/33 केवी ट्रांसफार्मर का प्रावधान। ट्रांसफॉर्मर को 220 केवी साइड से ऊर्जा युक्त बनाये रखा जाना है और सब स्टेशन के 33 केवी बस के साथ इसके जुड़ाव के लिए प्रावधान करना होगा। (टो वॉल, पीसीसी का बकाया कार्य, ग्रेवल की आपूर्ति व फैलाना) (हिसार)। | 23.10.2025 10.11.2025 | रु. 10,01,103/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | प्रस्तावित 220 केवी जीआईएस सब स्टेशन आईएमटी फेज-III, एचएसआईआईडीसी रोहतक से 132 केवी आईएमटी फेज-III, एचएसआईआईडीसी रोहतक-खरखौदा डी/सी लाइन को अकॉमोडेट करने के लिए 132 केवी सब स्टेशन खरखोदा में एक अदद 132 केवी लाइन बे की रचना (सिविल कार्य)। | 21.10.2025 03.11.2025 | रु. 7,26,129/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल | पहले ही अनुमोदित 33 केवी सब स्टेशन सनोली रोड-II (25 एमवीए) की फिडिंग हेतु 132 केवी सब स्टेशन सेक्टर-29, पानीपत में एक 33 केवी लाइन बे की रचना (सिविल कार्य)। | 21.10.2025 03.11.2025 | रु. 3,95,176/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2026/120/39708/I/88/6 दि. 24.10.25

**महिला वनडे विश्व कप में आज दोपहर 3 बजे से मुकाबला**

## लय बरकरार रखने उतरेंगे ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका

एजेंसी ▶▶ इंदौर

अब तक अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका शनिवार को यहां जब महिला वनडे विश्व कप के मैच में एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य सेमीफाइनल से पहले अपनी जीत की लय को बरकरार रखना होगा। आस्ट्रेलिया को उम्मीद होगी कि उनकी कप्तान एलिसा हीली फिट होकर इस मैच में खेलने के लिए तैयार होगी। कप्तान, सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर की तिहरी भूमिका निभाने वाले हीली को बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी। ताहलिया मैकग्रा की कप्तानी में सात बार की चैंपियन टीम ने इस मैच में बड़ी जीत हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद शानदार वापसी करके लगातार पांच मैच जीतकर विरोधी टीमों के पास स्पष्ट संदेश पहुंचा दिया है।



### हीली टूर्नामेंट में कर रहीं शानदार प्रदर्शन

*35 वर्षीय हीली की फिटनेस इस चुनौती से निपटने के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वह टूर्नामेंट में बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। हीली ने भारत और बांग्लादेश के खिलाफ लगातार मैच में शतक बनाए, जिससे वह दो मैच कम खेलने के बावजूद भारत की स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के बाद मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज है। इंग्लैंड के खिलाफ हीली की अनुपस्थिति के कारण बल्लेबाजी क्रम में काफी बदलाव करना पड़ा, लेकिन एनाबेल सदरलैंड और एशले गार्डनर के बीच 180 रन की अटूट साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच आसानी से जीता।*

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में बारागुढा में आवासीय एक्मोडेशन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 23.10.2025 30.10.2025 | 11.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गांव खरड़ में कुश्ती हॉल का निर्माण (एचटी / एलटी लाइन की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 23.10.2025 30.10.2025 | 72,833/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव समैण, फतेहाबाद में राजीव गांधी खेल परिसर / स्टेडियम की मरम्मत (ई.आई. केवल)। | 23.10.2025 30.10.2025 | 2.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव दड़बा कलां में राजकीय पशु चिकित्सालय के निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 23.10.2025 30.10.2025 | 65.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में नैरो बैंड अल्ट्रा वॉयलेट बी फोटोथैरेपी मल्टीयूटिलिटी फोटोथैरेपी यूनिट की खरीद के लिए निविदा। | 27.10.2025 11.11.2025 | 1.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह में एचवीएसी सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए निविदा। | 27.10.2025 16.11.2025 | 120 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह, हरियाणा में लॉंड्री सेवाओं के लिए निविदा। | 27.10.2025 17.11.2025 | ईएमडी 1.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए निविदा। | 27.10.2025 10.11.2025 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, झज्जर | खेड़ी खुमार का वर्टीकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | 20.10.2025 27.10.2025 | 91.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034766492 jhajjarasco@gmail.com |
| 10 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | 5 वर्ष के लिए बीएस-VI नॉमर्स पूरा करने वाली 150 पूर्णतया निर्मित डीजल इंजन मिनी बसों के एएमसी हेतु एजेंसी / फर्म को किराये पर लेने के लिए ऑनलाइन निविदा। | 24.10.2025 07.11.2025 | 2700 लाख | https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 11 | जिला परिषद सोनीपत | झुंडपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र। | बंद होने की तिथि 29.10.2025 | 47.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 12 | जिला परिषद सोनीपत | जैडपी सोनीपत के तहत विभिन्न स्थानों पर 48 अदद पानी के टैंकर की आपूर्ति + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 03.11.2025 | 162.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/240/39695/I/88/6 दि. 24.10.25




## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में आठ टीटीपी आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस ने टीटीपी के तीन आतंकियों को ढेर कर दिया।



पुलिस ने बताया कि एक ऑपरेशन में अशांत खैबर पख्तूनख्वा राज्य में आठ टीटीपी आतंकवादी मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। यह ऑपरेशन लक्की मरवत जिले के वांडा शेख अल्लाह इलाके में किया गया। अन्य घटना में, शुक्रवार को अज्ञात हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान से सटे टैंक जिले में एक नए बने लड़कियों के सरकारी प्राइमरी स्कूल को बम से उड़ा दिया। यह घटना सियाल गुल कोरोना के गारा बुद्धा गांव में हुई।

### पूर्व पीएम हसीना के मुकदमे की कार्यवाही पूरी

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ



चल रहे मानवता के खिलाफ अपराधों के मुकदमे की कार्यवाही पूरी कर ली है और 13 नवंबर को फैसला सुनाने की तारीख तय की है। उन पर आरोप है कि उन्होंने आवामी लीग शासनकाल के दौरान कई लोगों को प्रताड़ित करने और जबरन गायब कराने में भूमिका निभाई थी। अगस्त 2024 में छात्र-नेतृत्व वाले जनविरोधी आंदोलन में सत्ता से बेदखल होने के बाद हसीना को देश छोड़ना पड़ा था।

### आईटीबीपी ने मनाया 64वां स्थापना दिवस

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने



शुक्रवार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के उसके 64वें स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा कि आईटीबीपी कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। कठिन और दुर्गम परिस्थितियों में राष्ट्र की गरिमा की रक्षा करते हुए आईटीबीपी के हिमवीरों ने अपने साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण के गौरवशाली उदाहरण स्थापित किए हैं।

## संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने साधा निशाना

# आतंक के पीड़ितों और गुनहगारों को बराबर रखना अन्याय, यह विश्व के लिए भी खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ शुक्रवार को मनाई गई। इस मौके पर भारत की राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपना संबोधन दिया। संबोधन के दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्यों पर आतंकी समूहों को बचाने का आरोप लगाया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को एक तराजू में तोलना न केवल अन्याय है, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को वैश्विक रणनीति के नाम पर बराबरी पर रखा जा रहा है, तो यह दुनिया की सबसे बड़ी विडंबना है। उन्होंने कहा कि जब खुद-घोषित आतंकियों को प्रतिबंध सूची में शामिल होने से बचाया जाता है, तो यह साफ हो जाता है कि कुछ देश आतंकवाद के खिलाफ सच्चे नहीं हैं। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे रवैये से आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होती है। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम जैसे जघन्य आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक सदस्य देश खुलकर बचाता है, तो यह संस्था की विश्वसनीयता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। यह सीधा संकेत पाकिस्तान की ओर था, जिसने आतंकवादी संगठन टीआरएफ के नाम को यूएनएससी बयान से हटाने की कोशिश की थी।

*जयशंकर ने कहा कि यूएन के फैसले लेने का तरीका न तो उसके सभी सदस्य देशों की सही नुमाइंदगी करता है और न ही वह दुनिया की मुख्य जरूरतों पर ध्यान दे रहा है। यूएन में होने वाली बहस अब बहुत ज्यादा बंटी हुई हैं और उसका कामकाज साफ तौर पर रुका हुआ दिख रहा है*

### संयुक्त राष्ट्र को खुद को पुनर्गठित करना ही होगा

कुछ देश आतंकवाद के खिलाफ सच्चे नहीं और यूएन चुप

सार्थक सुधार को सुधार प्रक्रिया के नाम पर रोका जा रहा



### शांति और सुरक्षा औपचारिकता बनकर रह गई

*जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब कोई सदस्य देश आतंकवादियों की रक्षा करता है, तब बहुपक्षीयता की विश्वसनीयता पर गंभीर आंच आती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना केवल 'औपचारिकता' बनकर रह गया है, जबकि विकास और आर्थिक प्रगति का संकट और गहराता जा रहा है। आतंकवाद के प्रति इसकी प्रतिक्रिया विश्वसनीयता की कमियों को उजागर करती है।*

### यूएन में सब कुछ ठीक नहीं

*जयशंकर ने कहा कि हमें यह मानना होगा कि संयुक्त राष्ट्र में सब कुछ ठीक नहीं है। उसके फैसले लेने का तरीका न तो उसके सभी सदस्य देशों की सही नुमाइंदगी करता है और न ही वह दुनिया की मुख्य जरूरतों पर ध्यान दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र में होने वाली बहस अब बहुत ज्यादा बंटी हुई हैं और उसका कामकाज साफ तौर पर रुका हुआ दिख रहा है। किसी भी सार्थक सुधार को सुधार प्रक्रिया के नाम पर ही रोका जा रहा है।*

### यूएन को मजबूत रखना हमारी जिम्मेदारी

*जयशंकर ने कहा कि इस उल्लेखनीय वर्षगांठ पर हमें आशा नहीं छोड़नी चाहिए। यूएन की बहुपक्षवाद के प्रति प्रतिबद्धता, चाहे कितनी भी त्रुटिपूर्ण क्यों न हो, इस कठिन समय में इसे मजबूत बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। संयुक्त राष्ट्र का समर्थन किया जाना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में हमारे विश्वास को नवीनीकृत किया जाना चाहिए। यह बैठक एकता और साझा उद्देश्य का संदेश देती है।*

### यूएन में बदलाव बड़ी चुनौती

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि बहुत ही अफसोस की बात है कि आज के दौर में भी हम कई बड़े विवाद देख रहे हैं। यह केवल मानव जीवन पर ही प्रभाव नहीं डाल रहे हैं, बल्कि इसका असर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर भी देखने को मिल रहा है। वैश्विक दक्षिण ने इस पीड़ा को महसूस किया है। यूएन में बदलाव आज के समय में बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि एसडीजी एजेंडा 2030 की धीमी प्रगति यह दर्शाती है कि वैश्विक दक्षिण कितनी गंभीर स्थिति में है। व्यापार, सप्लाई चेन निर्भरता और राजनीतिक नियंत्रण जैसे कई क्षेत्र संकट में हैं, और इन्हें संतुलित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र को खुद को पुनर्गठित करना ही होगा।*

## भारत-कनाडा संबंधों में गर्माहट

# एआई शिखर सम्मेलन के लिए पीएम कार्नी को दिया आमंत्रण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को अगले साल की शुरुआत में नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। यह कदम दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और मुक्त व्यापार साझेदारी का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। कनाडा में भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश कुमार पटनायक ने बताया कि भारत ने पीएम कार्नी को फरवरी में नई दिल्ली में होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन सम्मेलन में आमंत्रित किया है। पीएम मोदी द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से आर्थिक और मुक्त व्यापार समझौते पर कनाडाई पीएम से चर्चा करेंगे।



फाइल फोटो

### व्यापार में अपार संभावनाएं

*पटनायक ने बताया कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध जून में अल्बर्टा में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडाई पीएम कार्नी और पीएम मोदी की मुलाकात के बाद सामान्य होने शुरू हुए। दोनों देश तनावपूर्ण कूटनीतिक संबंधों को सुधारने और व्यापार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं, खासकर अमेरिका के साथ चल रहे टैरिफ तनाव के बीच। वर्ष 2024 में, भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड 23.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो 2023 के मुकाबले 12.7 अरब डॉलर अधिक है।*

## गोयल ने की उद्योगपतियों से मुलाकात

# ऑटोमोटिव, सेमीकंडक्टर और क्लीन एनर्जी क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इन दिनों जर्मन यात्रा पर हैं। अपने बर्लिन दौरे के दौरान कई टॉप सीईओ और इंडस्ट्री लीडर्स से मुलाकात कर रहे हैं। टॉप इंडस्ट्री लीडर्स के साथ अपनी हाल ही की मुलाकात में उन्होंने भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री से लेकर सेमीकंडक्टर क्षेत्र और देश की क्लीन एनर्जी यात्रा में सहयोग बढ़ाने को लेकर बातचीत की। उन्होंने भारत के मजबूत सुधार एजेंडे, व्यापक अवसरों और विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस बात पर जोर दिया कि कैसे हमारा सहयोगी नीतिगत तंत्र, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए, देश को वैश्विक स्तर पर सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक बना रहा है। बैठक में भारतीय और जर्मन कंपनियों के बीच खासकर रक्षा, ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियों और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तालमेल व सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। व्यापार प्रमुखों ने भारत में कारोबार के लिए अपने आशावादी दृष्टिकोण को रखा।

# पाक में टमाटर 600 रुपये किलो

### अफगानिस्तान के साथ तनाव के बाद कीमतें 400% बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में टमाटर 600 रुपये किलो में बिक रहा है। यह कीमत पाकिस्तानी रुपये में है। पहले यह 50-100 किलो में बिक रहा था। यानी, कीमतें करीब 400% बढ़ गई है। टमाटर के दाम बढ़ने का कारण अफगानिस्तान के साथ तनाव है। बॉर्डर पर 11 अक्टूबर से चल रहे तनाव की वजह से टोर्कहम और चमन जैसी क्रॉसिंग बंद हैं। इससे व्यापार ठप हो गया। अफगानिस्तान से आने वाले टमाटर के ट्रक रुके हुए हैं, जिससे सप्लाई चेन टूट गई। लगभग 5,000 कंटेनर दोनों तरफ फंसे हैं। टमाटर के दाम बढ़ने की 3 और वजहें हैं। लोकल प्रोडक्शन में नुकसानः खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और सिंध में बारिश और बाढ़ से फसलें बर्बाद हो गईं।

## अमेरिका और कनाडा के बीच बढ़ा 'टैरिफ टेंशन'

# राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा संग बंद की सभी व्यापार वार्ताएं, कार्नी ने कार आयात पर शुल्क लगाया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और कनाडा के बीच एक बार फिर से टैरिफ को लेकर तनातनी देखने को मिल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ताएं समाप्त करने का ऐलान कर दिया है।

वहीं, अमेरिका सरकार, कनाडा में टैरिफ के विरोध में टीवी पर चलाए जा रहे विज्ञापनों से नाराज है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को देर रात कनाडा के साथ व्यापार वार्ता स्थगित करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि टैरिफ देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम हैं।



### विज्ञापन से भड़की अमेरिकी सरकार

ट्रंप का यह पोस्ट कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति के शुल्क से उत्पन्न खतरे के कारण उनका लक्ष्य, अमेरिका के बाहर के देशों को निर्यात दोगुना करने का है। ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि कनाडा सरकार भ्रामक विज्ञापन के जरिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में लंबित टैरिफ मामले को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। जिस विज्ञापन से ट्रंप नाराज हुए हैं, उसमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के एक रेडियो संदेश का जिक्र है, जिसमें कथित तौर पर रोनाल्ड रीगन ने टैरिफ की आलोचना की थी।

### स्टेलेंटिस और जीएम ने उत्पादन इकाई बंद की

कनाडा सरकार ने अमेरिकी कार निर्माता ब्रांड्स स्टेलेंटिस और जनरल मोटर्स को मिलने वाली टैरिफ छूट सीमित कर दी है। ये दोनों कंपनियां कुछ गाड़ियां बिना टैरिफ के कनाडा आयात कर सकती थी, लेकिन अब कनाडा सरकार ने यह छूट वापस ले ली है। इन दोनों कंपनियों ने कनाडा में अपने कुछ उत्पादन इकाई बंद करने का फैसला किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी ऑटोमेकर्स कंपनियों से अपना उत्पादन अमेरिका में शिफ्ट करने की अपील कर रहे हैं।

## 5 भारतीयों ने रूस के इंटरनेशनल एयरोस्पेस कैंप में भाग लिया

# तमिलनाडु से जाने वाली पहली छात्रा बनीं धानवी कार्तिकेयन, रचा इतिहास

- राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए मिला अवसर
- देश के 5 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु की 18 वर्षीय धानवी कार्तिकेयन ने इतिहास रच दिया है। चेन्नई की रहने वाली धानवी रूस की राजधानी मॉस्को स्थित अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण और सैटेलाइट निर्माण केंद्र का दौरा करने वाली तमिलनाडु की पहली महिला छात्रा बन गई हैं। यह मौका उन्हें एक राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए मिला, जिसमें पूरे देश के 5 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था। धानवी उन पांच भारतीय छात्रों में से एक हैं जिन्हें रूस के इंटरनेशनल एयरोस्पेस कैंप में भाग लेने के लिए चुना गया। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम मॉस्को में आयोजित किया गया था। कैंप के दौरान धानवी को अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण केंद्र का दौरा करने और सैटेलाइट निर्माण की प्रक्रिया को करीब से देखने का अनोखा मौका मिला। उन्होंने मोवस्ता संस्था को धन्यवाद दिया, जिसकी बदौलत उन्हें यह अंतरराष्ट्रीय अवसर मिला।

### रूस के बेहतरीन कॉस्मोनॉट्स से की बातचीत

*अपना अनुभव साझा करते हुए धानवी ने कहा कि मुझे देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। यह सब मेरी क्वांटम मैकेनिक्स में रुचि से शुरू हुआ, जिसने मुझे एस्ट्रोफिजिक्स और फिर एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की ओर प्रेरित किया। मैंने रूस के बेहतरीन कॉस्मोनॉट्स से बातचीत की, उनसे बहुत कुछ सीखा और अंतरिक्ष तकनीक को करीब से देखने का मौका मिला। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा होने जैसा है।*

### ऑनलाइन क्वांटम मैकेनिक्स कोर्स पूरा किया

*धानवी चेन्नई के वीरुगंबक्कम इलाके की रहने वाली हैं। उन्होंने हाल ही में कक्षा 12 की पढ़ाई एक निजी स्कूल से पूरी की और नीट परीक्षा दी है, क्योंकि वे आगे चलकर मेडिकल फील्ड में करियर बनाना चाहती हैं। पढ़ाई के साथ-साथ धानवी ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित ऑनलाइन क्वांटम मैकेनिक्स कोर्स भी पूरा किया है, जिसे उन्होंने एक निजी संस्थान के माध्यम से किया।*

### पिता सॉफ्टवेयर कंपनी में काम कर रहे

*उनके पिता एक निजी सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते हैं। धानवी की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों ने गर्व जताया। जब वे मॉस्को से लौटीं, तो चेन्नई एयरपोर्ट पर उनका शानदार स्वागत किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे तमिलनाडु के लिए गर्व का क्षण बनी।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25